


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 179

ग्वालियर, गुरूवार, 19 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## कंपनियों और निवेशकों के लिहाज से भारत एक बेहतरीन डेस्टिनेशन साबित हो सकता: सीतारमण



**नई दिल्ली (ए)।** मोदी सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदमों पर लगातार नजर रख रहे हैं।मोदी सरकार और आरबीआई के लिए घरेलू बाजार में महंगाई अधिक चिंता का विषय नहीं है। सरकार आपूर्ति की तरफ से पैदा हुई दिक्कतों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷चीन की तुलना में दुनिया में वैकल्पिक देश की तलाश कर रही कंपनियों और निवेशकों के लिहाज से भारत एक बेहतरीन डेस्टिनेशन साबित हो सकता है।

# हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई यात्रा की सुविधा देना चाहते हैं : ज्योतिरादित्य सिंधिया

## अफगानिस्तान से भारतीय नागरिकों को वापस लाने केंद्र सरकार 'वंदे भारत मिशन' की तरह सभी प्रयास करेगी



**इन्दौर (ए)।** देश में विमानन सेवाओं को आम आदमी के लिए किफायती बनाने पर जोर देते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार हवाई चप्पल पहनने वाले व्यक्ति को भी हवाई सफर की सुविधा देना चाहती है।

जन आशीर्वाद यात्रा के लिए यहां पहुंचे सिंधिया ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हम आम लोगों तक हवाई यात्रा की किफायती सुविधा पहुंचाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं कि यह सुविधा ऐसी होनी चाहिए कि हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सफर कर सके। भारत में इस संकल्प को साकार करने की पूरी क्षमता है। सि?धि?या ने बताया कि देश में हवाई सेवाओं के विस्तार की योजना पर इस मकसद से काम किया जा रहा है कि आने वाले दशक में अधिक से अधिक आम लोग विमान से यात्रा कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले चार सालों के दौरान घरेलू नागर विमानन क्षेत्र के विस्तार के तहत कई छोटे शहरों में नये हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही, इन स्थानों को बड़े शहरों से जोड़ने वाले नये मार्गों पर हवाई सेवाएं शुरू की गई हैं।

अफगानिस्तान से लोगों को सुरक्षित निकालने पर सिंधिया ने कहा कि केंद्र सरकार अफगानिस्तान से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए 'वंदे भारत मिशन' की तरह सभी प्रयास करेगी। गौरतलब है कि पिछले साल कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के निलंबन के बाद विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत सरकार द्वारा वंदे भारत मिशन चलाया गया था।

सिंधिया अपनी 'जन आर्शीवाद यात्रा' के तहत मंगलवार शाम को मध्यप्रदेश दौरे पर है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत सरकार एअर इंडिया या भारतीय वायु सेना के विमानों से, जैसे भी संभव होगा अपने नागरिकों को अफगानिस्तान से वापस लाएगी। जैसा हमने वंदे भारत मिशन में किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गत शुक्रवार को अफगानिस्तान से अपने नागरिकों की निकासी शुरू की थी। निकासी की यह प्रक्रिया तीन दिनों तक जारी रही। लेकिन सोमवार की सुबह भारत से एक उड़ान काबुल के लिए जाने वाली थी तब वहां हवाई अड्डे पर गोलीबारी के बाद नोटेम (नोटिस टू एयरमेन, इसके जरिये काबुल के ऊपर का पूरा एयरस्पेस बंद कर दिया गया था)।

## खास खबर

### गोवा के सीएम ने कहा, अंतरराष्ट्रीय चार्टर्ड उड़ानों को फिर से शुरू करने की मांग केंद्र से होगी

**पणजी (ए)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि उनकी सरकार साल 2021 अक्टूबर से तटीय राज्य में अंतरराष्ट्रीय चार्टर्ड उड़ानों को फिर से शुरू करने की मांग केंद्र के सामने रखेगी। गोवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और ट्रैवल एंड टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ गोवा ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चार्टर्ड उड़ानों को बहाल करने की मांग की गई। कोरोना और उसके चलते लागू प्रतिबंधों के कारण राज्य में पर्यटन उद्योग को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सावंत ने ज्ञापन का जिक्र कर कहा,चार्टर्ड उड़ानों को फिर से शुरू करने का मुद्दा राज्य सरकार के दायरे में नहीं है। यह निर्णय केंद्र को लेना है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन उद्योग की मांग को केंद्र सरकार के समक्ष रखेगी।

### अक्षय कुमार की मूवी 'बेल बॉटम के साथ भोपाल में खुलेंगे सिनेमाघर

**भोपाल।** भोपाल में कोरोना की स्थिति को देखकर 19 अगस्त से सिनेमा घर खुलने जा रहे हैं। दूसरी लहर के बाद जुलाई से सिनेमाघर खुले थे, लेकिन वहां सिर्फ पुरानी मूवी ही लग रही थी। लेकिन 19 अगस्त को अक्षय कुमार की नई मूवी 'बेल बॉटम के साथ भोपाल के 5 सिनेमाघर खुलने वाले है। बता दें कि सिनेमाघर में 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। इसके साथ हर एक दर्शक को कोरोना के सभी प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। इससे पहले नई मूवी रिलीज नहीं होने से दर्शकों की संख्या न के बराबर रहती थी। बताया जा रहा है, सिर्फ 20 प्रतिशत दर्शकों की ही सिनेमाघरों में मौजूदगी देखने को मिलती थी। दरअसल सिनेमाघर संचालकों का कहना है कि 'बेल बॉटम के बाद 'चेहरे' और 'फास्ट एंड फ्यूरियस-9 जैसी नई मूवी भी रिलीज होगी। इससे एक बार फिर दर्शकों का रुझान सिनेमाघर-मल्टीप्लेक्स की ओर बढ़ेगा। और ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में लोग सिनेमा घर आएंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताया

## भारत में लग रही नकली कोविशील्ड कोरोना वैक्सीन

### सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने इसकी पुष्टि की



**नई दिल्ली (ए)।** अगर आप भी कोरोना वैक्सीन लगवाकर बिना मास्क के अपना कामकाज कर रहे हैं,तब आपको सावधान होने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने चेतावनी दी है कि भारत और युगांडा में नकली कोविशील्ड वैक्सीन मिली है।डब्लूएचओ ने नकली कोविशील्ड वैक्सीन पर चेतावनी जारी की है। इस साल जुलाई-अगस्त में नकली वैक्सीन मिली है। इसके बाद कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई ) ने भी इसकी पुष्टि कर दी है, कि बाजार में नकली कोविशील्ड वैक्सीन लोगों को दी जा रही है। डब्लूएचओ को नकली कोविशील्ड वैक्सीन सबसे पहले दक्षिण अफ्रीकी देश युगांडा में मिली थी। इसके बाद दक्षिण पूर्व एशिया में भी कोविशील्ड की नकली वैक्सीन की खबरें मिली है। डब्लूएचओ ने कहा, नकली कोविड वैक्सीन लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। यह किसी देश के लोगों और उसके हेल्थकेयर सिस्टम पर बड़ा बोझ डाल सकती है आम लोगों को नुकसान से बचाने के लिए नकली कोविड वैक्सीन की पहचान कर बाजार से बाहर करना बहुत जरूरी है। डब्लूएचओ ने कहा है कि नकली कोविशील्ड वैक्सीन की पुष्टि की जा चुकी है।

नकली कोविशील्ड वैक्सीन पर डोज की पहचान और अन्य दिक्कतें भी हैं। डब्लूएचओ ने कहा है कि कोविशील्ड वैक्सीन के बैच नंबर 4121जेड040 और 10-08-2021 की एक्सपायरी डेट वाली वैक्सीन नकली हैं। नकली कोविशील्ड वैक्सीन में कुछ दो एमएल की डोज वाली वैक्सीन हैं। पुणे सीरम दो एमएल वाले कोविशील्ड वैक्सीन की आपूर्ति नहीं करती। डब्लूएचओ ने सभी हेल्थ सेंटर्स, सप्लायर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स को नकली वैक्सीन से सर्तक रहने की सलाह दी है।

## आपत्तिजनक कंटेट के प्रसारण पर लगेगी रोक

### छह वर्षों में इंटरनेट डेटा 43 प्रतिशत तक बढ़ा

### न्यूज वेबसाइटस पर लोग 41% ज्यादा समय व्यतीत कर रहे



**नई दिल्ली, (ए)।** डिजिटल मीडिया आचार संहिता 2021 के केंद्र में आम नागरिक हैं। आचार संहिता का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कायम रखते हुए ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली सामग्री की गुणवत्ता को बनाए रखना है। यह विचार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव विक्रम सहाय ने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा डिजिटल मीडिया आचार संहिता 2021 विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में व्यक्त किए। कार्यक्रम में संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक के. सतीश नंबूदिरपाड, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा एवं आईआईएमसी के डीन प्रो. गोविंद सिंह विशेष तौर पर उपस्थिति थे।

श्री सहाय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल मीडिया की भूमिका काफी बढ़ी है। छह वर्षों में इंटरनेट डेटा का इस्तेमाल 43 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ओटीटी मार्केट है। वर्ष 2024 तक इस मार्केट के 28.6त्न की वार्षिक वृद्धि के साथ 2.9 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए जाने वाले कंटेट को लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिसके कारण डिजिटल मीडिया आचार संहिता बनाई गई है। श्री सहाय ने बताया कि भारत में 35 वर्ष से कम आयु के लोग ऑनलाइन समाचार पढ़ना ज्यादा पसंद करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान इन न्यूज वेबसाइटस पर लोग 41त्न ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं।

## लोकतंत्र में लोगों को मिलनी चाहिए आवाज उठाने की अनुमति : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार को चुनौती देने वाली एनजीओ कॉमन कॉज की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों को अपनी आवाज उठाने की अनुमति मिलनी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि कुछ गैर सरकारी संगठनों को सभी मुद्दों पर कई जनहित याचिका दायर करके समानांतर सरकार चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, और जनहित याचिका में सर्विस मामलों का फैसला नहीं किया जा सकता है। हालांकि, न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा लोकतंत्र में लोगों को अपनी आवाज उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए। ज्ञात हो कि केंद्र का कहना है कि ईडी निदेशक का कार्यकाल इसलिए बढ़ाया गया, क्योंकि मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले महत्वपूर्ण चरण में थे और पद में बदलाव से जांच प्रभावित हो सकती थी।

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि वह सराहना करते हैं कि उन्होंने अच्छा काम किया, लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि वह मामलों के निष्कर्ष तक बने (पद पर) रह सकते हैं। अदालत ने नोट किया कि यहां सवाल यह है कि क्या निदेशक का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। एनजीओ का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने तर्क दिया कि मिश्रा मई 2020 में सेवानिवृत्त हो रहे थे और यह अभ्यास शक्ति का एक अनुचित अभ्यास था। उन्होंने कहा शक्ति को उचित तरीके से समझा जाना चाहिए, न कि अनुचित तरीके से। उन्होंने यह सवाल करते हुए कहा, क्या किसी व्यक्ति को सेवानिवृत्ति की अवधि से परे नियुक्त किया जा सकता है? हालांकि, केंद्र ने तर्क दिया कि मौजूदा ईडी निदेशक के कार्यकाल को दो साल से तीन साल तक संशोधित करने के उसके फैसले में कोई अवैधता नहीं है। इस मामले में बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। एनजीओ की याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने 18 नवंबर, 2018 के नियुक्ति आदेश को पूर्वव्यापी रूप से संशोधित करने के माध्यम से मिश्रा को ईडी निदेशक के रूप में एक और वर्ष प्राप्त करने के लिए एक मार्ग नियोजित किया है।

## आतंकियों के निशाने पर थे पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह!

**चंडीगढ़(ए)।** हाल ही में दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी के दो दिनों बाद पंजाब पुलिस ने जिला बटाला के गांव सुचेतगढ़ के नजदीक धारीवाल-बटाला रोड पर छिपाए हुए 4 हैंड ग्रेनेड व अन्य हथियारों की खेप बरामद की है। पंजाब के डीजीपी दिनकर गुप्ता ने जानकारी दी कि दोषियों के खुलासे के बाद एसएसपी अमृतसर (ग्रामीण) गुलनीत सिंह ने सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात पुलिस टीम को गांव सुचेतगढ़ में तलाशी के लिए भेजा था। बताया जा रहा है कि आतंकियों के निशाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और कई धार्मिक नेता थे। पुलिस टीम ने मौके से चार और हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्टल (9एमएम), छह मैगजीन और 30 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। डीजीपी ने कहा कि प्राथमिक जांच से यह पता लगता है कि बरामद किये हथियार और गोला -बारूद का प्रयोग पंजाब में शांति और भाईचारे को भंग करने और दहशत का माहौल पैदा करने के लिए किया जाना था।

## सरकार ने आखिर सुप्रीम कोर्ट में मान लिया कि किया था पेगासस का उपयोग: चिदंबरम

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने उच्चतम न्यायालय की ओर से कथित पेगासस जासूसी मामले में केंद्र को नोटिस जारी किये जाने की पृष्ठभूमि में बुधवार को दावा किया कि सॉलिसिटर जनरल का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह कहना पेगासस के उपयोग की स्वीकारोक्ति है कि इस स्पाईवेयर के बारे में सरकार के पास सूचना है जिसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। पूर्व गृह मंत्री ने यह सवाल भी किया कि आखिर पेगासस का उपयोग किस मकसद से किया गया? उन्होंने ट्वीट किया, सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय को सूचित कि सरकार के पास सूचना है जिसे हलफनामे के जरिये सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। यह इस बात की स्वीकारोक्ति है कि इस सॉफ्टवेयर-स्पाईवेयर का उपयोग किया गया। यह किसके लिए इस्तेमाल हुआ, हम यह नहीं जानते।






## रक्षामंत्री राजनाथ ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित क्लाइंब-ए-थॉन को हरी झंडी दिखाई



**नई दिल्ली (ए)।** 17 अगस्त को नई दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई), दार्जिलिंग द्वारा आयोजित क्लाइंब-ए-थॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। दिनांक 20-25 अप्रैल, 2021 तक सिक्किम में हिमालय की चार छोटी चोटियों पर क्लाइंब-ए-थॉन का आयोजन किया गया था। ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में माउंट रेनॉक, माउंट फ्रे, माउंट बीसी रॉय और माउंट पालुंग में 125 पर्वतारोहियों की एक टीम द्वारा क्लाइंब-ए-थॉन आयोजित की गई थी। समुद्र तल से 16,500 फीट की ऊंचाई पर माउंट रेनॉक के ऊपर 7,500 वर्ग फुट और 75 किलोग्राम वजन का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिस स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था उसका नाम सिक्किम के पहले स्वतंत्रता सेनानी त्रिलोचन पोखरेल के नाम पर रखा गया है। जिसे गांधी पोखरेल के नाम से याद किया जाता है। यह उपलब्धि एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक पहाड़ के ऊपर फहराए गए सबसे बड़े भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रूप में दर्ज की गई थी।

## सीएम खट्टर से मुलाकात करने पहुंचे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली (ए)।** टोक्यो ओलंपिक्स में देश का गौरव बढ़ाने वाले स्वर्ण पदक विजेता एथलीट नीरज चोपड़ा बुधवार को चंडीगढ़ पहुंचे। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान खट्टर ने कहा कि नीरज चोपड़ा यहां आए हैं। मैंने इनका सम्मान किया है। इन पर हरियाणा को गर्व है। ये हमारा गौरव हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने नीरज चोपड़ा को एक ऑफर किया है। जिसमें पंचकूला में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ओलंपिक्स फॉर एथलेटिक्स स्थापित करना चाह रहे हैं। जिसे नीरज चोपड़ा जैसे होनहार खिलाड़ी लीड करेंगे, तो हमें निश्चित रूप से उसका लाभ होगा। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में नीरज ने कहा कि अभी उन्हें अगले साल विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए एक और पदक लाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में ओलंपिक के लिए एथलीटों को तैयार करने के लिए और देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए वह पूरी कोशिश करेंगे। जिससे वह हरियाणा और भारतीय खेल को आगे ले जा सके। टोक्यो ओलंपिक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी लगातार खिलाड़ियों के संपर्क में रहे। और उन्होंने समय-समय पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। हाल ही में पुरुष हॉकी टीम ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की। ओलंपियनों के साथ हल्के-फुल्के पल साझा करते हुए, पीएम मोदी ने टोक्यो ओलंपिक्स 2020 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऐतिहासिक कांस्य पदक की जीत के लिए बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### अति वर्षा में हुआ नुकसान  जानकारी ना देने पर पटवारी को किया  निलंबित

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के तहसील करैरा अंतर्गत ग्राम आवास एवं चौका में पदस्थ पटवारी आसिफ खान को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने एवं दिए गए निर्देशों की अवहेलना करने तथा मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण अपील एवं नियम 1966 के उप नियमों के तहत अनुविभागीय अधिकारी अंकुर रवि गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार करैरा द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त पटवारी आवास एवं चौका से दिनांक 5 अगस्त 21 से संपर्क नहीं हो पा रहा है। उक्त पटवारी का मोबाइल भी बंद आ रहा था। उनके हल्का चौका एवं आवास की अति वर्षा से हुए नुकसान की जानकारी भी प्राप्त ना होने के कारण उक्त पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उक्त पटवारी आसिफ खान द्वारा कोरोना व  उपार्जन कार्य में लापरवाही बरती गई थी तथा बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर रहने तथा वरिष्ठ निर्देशों की अवहेलना भी की गई थी।

### ग्राम पंचायतों में सूची चस्पा, नोडल अधिकारी ग्राम सभाओं में पहुंच कर कर रहे हैं ग्रामीणों से संपर्क

शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्र में भ्रमण करें और ग्रामीणों से संपर्क करें। अभी ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नोडल अधिकारी भी शामिल होकर ग्रामीणों से संपर्क कर रहे हैं और उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव में लोगों को राहत राशि वितरण का कार्य जारी है। बाढ़ प्रभावित लोगों को प्रदान की जा रही सहायता राशि की सूचियां भी ग्राम पंचायतों में चस्पा की जा रही हैं। नोडल अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी जा रही है ताकि ग्रामीण जन परेशान ना हो और जिन गांव में राशन वितरण, पेयजल, विद्युत आदि की कोई समस्या है तब संबंधित विभागीय अधिकारी को इस संबंध में सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा रहा है।

### महिला बाल विकास के 10 पदों पर अनंतिम सूची प्रकाशित

**अभ्यर्थी 24 अगस्त तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं**

शिवपुरी। महिला एवं बाल विकास परियोजना करेरा जिला शिवपुरी अंतर्गत आंगनबा?ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के चयन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में आज बुधवार को आयोजित चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार अनंतिम सूची प्रकाशित की गई हैं। महिला बाल विकास अधिकारी प्रियंका बुनकर ने बताया कि 10 स्थानों पर प्रथम व द्वितीय चयनित आवेदकों के नाम की सूची जारी की गई है। उनमें कार्यकर्ता पद हेतु डमरोन खुर्द में संगीता जाटव, शिवानी विश्वकर्मा, ग्राम थनरा प्रथम में अन्नपूर्णा मौर्य, उर्मिला रजक, डुमघना प्रथम आदिवासी केंद्र पर प्रीति मिश्रा पत्नी सुदर्शन श्रीवास्तव, दिव्या श्रीवास्तव पत्नी प्रदीप, नगर पंचायत करेरा वार्ड 5 प्रभा साहू पत्नी सुनील साहू, आरती बाथम पत्नी सीताराम बाथम का अनंतिम चयन किया गया है।

### पचावली में सिंध नदी पर बना 130 साल पुराना पुल धराशाही, तीन बहे, एक लापता

# पुल टूटने से सैंकड़ों गांवों से सम्पर्क टूटा





शिवपुरी।

सिंध नदी पर बना हुआ पुल जो काफी दिनों से जीर्ण शीर्ण हालात में था, वह मंगलवार की शाम अचानाक तेज आवाज के साथ ढह गया। उस समय पुल पर आवागमन कम था और हादसे में पुल पर खड़े तीन लोग बह गए। जिनमें से दो लोग तैरकर बाहर आ गए। पुल टूटने से सैकड़ों गांवों का सम्पर्क टूट गया है। हर चुनाव में विभिन्न उम्मीदवार पुल बनाने का दावा करते थे। लेकिन आज तक यह पुल नहीं बन पाया। जिसके कारण मंगलवार को यह हादसा हो गया। यह तो अच्छा हुआ कि पुल दिन में नहीं टूटा अन्यथा बहुत बड़ी जनहानि आशंकित थी। घटना के बाद शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उनसे पत्रकारों ने खराब पुल टूटने की जिम्मेदारी के संबंध में सवाल किया तो कलेक्टर का जबाव था कि अभी तो लापता व्यक्ति को पता लगाने का सवाल है।  पचावली पुल से रन्नौद, खतोरा के अलावा अशोकनगर, ईसागढ़ के लिए हर रोज सैकड़ों वाहन गुजरते थे। हालांकि प्रशासन ने वाहनों के आवागमन को रोकने का दावा किया था। लेकिन इसके बाद भी बड़ी संख्या  में पैदल और दो पहिया वाहन वाले इस क्षतिग्रस्त पुल से गुजरते थे। रक्षाबंधन त्यौहार और हाट बाजार होने के कारण दिन में पुल पर बहुत आवागमन था। परंतु जिस समय पुल ढहा उस समय सौभाग्य से पुल पर से वाहन नहीं गुजर रहे थे। पुल ढहने से तीन ग्रामीण पानी में गिर गए। लेकिन पानी का बहाव तेज न होने के कारण दो तैरकर बाहर आ गए। परंतु एक अभी भी लापता है। लापता व्यक्ति का नाम प्रभूराम आदिवासी निवासी पचावली है। और वह खाट बनाने का काम करता है। प्रशासन ने देर रात पुल के आस पास पुलिस तैनात कर दी है। ताकि वहां कोई न जा सके। पुल के ढहने के कारण अशोकनगर, खतोरा, ईसागढ़ व आस पास के गांव में जाने वाले लोगों को बदरवास से एजवारा होते हुए जाना पड़ेगा। इससे करीब 20 किमी उनका सफर बढ़ जाएगा। वहीं रन्नौद क्षेत्र से जाने वाले लोगों को कोलारस से भडोता होते हुए जाना पड़ेगा।





### सिंध नदी पर बने नए पुल को चालू कराने की मांग

पचावली के निवासियों ने पुराना पुल टूट जाने के बाद सिंध नदी पर बने नए पुल का चालू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूट जाने के कारण आवागमन के लिए आमजन को संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कुछ विशेष एतिहात के साथ नए पुल को चालू किया जा सकता है। इसके लिए दोनों साईडों पर नदी के इधर और उधर एक तरफ कुल्हाड़ी ग्राम से लाल मुरम लाकर डाली जा सकती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री से उचित कार्रवाई की अपेक्षा की है।

### निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही झुकी पुल की दीवार

सिंध नदी पर निर्मित हो रहे पुल के निर्माण कार्य को शुरू हुए लगभग 4 वर्ष हो गए परंतु आज तक इस नवनिर्मित पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है पूर्व ठेकेदार द्वारा  अधूरे पुल का निर्माण कर कार्य बीच में ही छोड़ दिया उसके बाद क्षेत्रीय जनता की लगातार मांग और और क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों के बाद पुल का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया गया परंतु निर्माण कार्य को बहुत ही निम्न स्तर से किया जा रहा है। पुल दोनों ओर जोड़ने वाली साइटों का निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा पचावली गांव में आवागमन के लिए बनाए गए अंडर ब्रिज और सड़क के लिए बनाई गई दीवार के बीच सरिया नहीं डाला गया जिससे सड़क के लिए बनाई गई दीवार बाहर की ओर झुक गई है। और सड़क निर्माण के लिए इन दीवारों के बीच अभी भराव भी पूर्ण नही हुआ है,व निर्माण कार्य अधूरा है और इन दीवारों के बीच में पर्याप्त मात्रा में मिट्टी आदि सामग्री नहीं भरी गई है उसके बावजूद सड़क बनाने के लिए बनाई गई दीवार बाहर की ओर झुक गई है। पुल की दोनों ओर का सड़क निर्माण पूर्ण होने पर ये दीवारें  कैसे भारी वाहनों का वजन झेल पाएंगी।

# बाढ़ प्रभावितों को राहत, मकान क्षति में 1 करोड़ से अधिक की राहत राशि वितरित



**शिवपुरी।** शासन के निर्देशानुसार बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन की टीम सक्रिय होकर काम में लगी है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत राशि प्राथमिकता के साथ वितरित की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनहानि पर 14 व्यक्तियों को 56 लाख की राहत राशि प्रदान कर दी गई है। जिसमें पोहरी में 4 लाख, शिवपुरी में 8, नरवर में 8, करेरा में 8, पिछोर में 4, रन्नौद में 4, कोलारस में 4, बदरवास में 12 और खनियाधाना में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सहित कुल 56 लाख की आर्थिक सहायता अभी तक भी जा चुकी है। इसी प्रकार पशु हानि के 160 प्रभावित व्यक्तियों को 34 लाख 84 हजार से अधिक और मकान क्षति में 4705 व्यक्तियों को एक करोड़ 44 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अभी तक दी गई है। घर की सामग्री कपड़ा, बर्तन, खाद्यान्न खराब होने पर भी परिवारों को आर्थिक मदद दी गयी है जिसके तहत 1240 प्रभावितों को 54.76 लाख की सहायता दी जा चुकी है। पूर्ण मकान क्षति होने पर 465 प्रभावितों को 27 लाख 9 हजार रुपये की राहत राशि वितरित की गई है।

## बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि वितरण कार्य में देरी ना हो- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

शिवपुरी।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा लगातार राहत अभियान की समीक्षा की जा रही है। बाढ़ आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनकी प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि वितरण कार्य में देरी नहीं होना चाहिए। जिन लोगों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें शासन द्वारा प्रदाय की जा रही मकान क्षति की राशि और जिनके सामग्री, खाद्यान्न आदि का नुकसान हुआ है उन्हें तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। इसी  प्रकार बाढ़ आपदा के कारण



हुई जनहानि, पशु हानि में भी तत्काल राहत राशि वितरित करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार की देर शाम को आयोजित समीक्षा बैठक में भी उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नोडल अधिकारी उन्हें सौंपे गए गांव में भ्रमण करें और स्थानीय अमले व जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क करें। अभी ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभाओं में सूची चस्पा कराएं और यदि भ्रमण के दौरान गांव में कोई समस्या मिलती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी को बताएं, जिससे कि समस्या का निराकरण तत्काल किया जा सके। राशन वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां कहीं बाढ़ प्रभावितों को राशन वितरण यदि नहीं हुआ है तो नोडल अधिकारी खाद्य विभाग को तत्काल जानकारी देंगे और राशन वितरित कराएंगे।

# रेडिऐन्ट में स्टार्टअप गाइडेंस सेमीनार आयोजित






शिवपुरी। शहर के महल रोड पर स्थित रेडिऐन्ट कॉलेज में स्टार्टअप मार्गदर्शन सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें 50 से अधिक युवाओं ने अपनी रूचि अनुसार व्यवसाय चुनने एवं परियोजना निर्माण संबंधी टिप्स प्राप्त किये। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश बनाने के लिए रेडिऐन्ट ग्रुप, प्रक्षेप एवं जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ÷स्टार्टअप गाइडेंस÷ सेमीनार में एम्प्लॉयमेंट एवं उद्यमिता विशेषज्ञ वी. पी. एस. सेंगर ने जिले के बेरोजगारों एवं अपना उद्यम आरम्भ करने व्यक्तियों को मार्गदर्शन दिया। श्री सेंगर ने बताया कि निर्माण एवं सर्विस सेफ्टर्स में कम्पनी, ट्रस्ट सोसायटी पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण की जानी चाहिए। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷ स्टार्टअप÷ के तहत एम.एस.एम.ई अन्तर्गत पंजीयन कराकर सरकारी मदद हासिल हो सकती है। परिश्रम, लगन,धैर्य, निर्णय लेने की क्षमता नया अविष्कार, इनोवेशन के साथ अपनी क्षमता अनुसार व्यवसाय का चयन किया जाए तो सफलता मिलना तय है। आप अपना उद्यम आरम्भ कर स्वयं रोजगार प्राप्त करते है वही अनेक व्यक्तियों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते है। आयोजन के आरम्भ में रेडिऐन्ट कॉलेज के संचालक शाहिद खान ने मुख्य प्रशिक्षक सेंगर व शुभम गर्ग (मामा) को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण दिया। आभार अखलाक खान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राएं एवं स्टार्टअप मार्गदर्शन की चाह रखने वाले व्यक्ति शामिल हुए।

# अफगानिस्तान में फंसे 150 भारतीयों को एयरलिफ्ट कर वापस लाने वाले आइटीबीपी कमांडेंट रविकांत गौतम के घर जाकर स्वदेशी जागरण मंच नें किया परिजनों का सम्मान



शिवपुरी। अफगानिस्तान में फंसे हुए भारतीयों को एयरलिफ्ट कर निकालने के ऑपरेशन की जिम्मेदारी भारत सरकार ने आइटीबीपी (द्धञ्ज्ञक्क) के कमांडो को दी थी। गौरतलब हो कि इस आइटीबीपी की कमांडो टीम को मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के रविकांत गौतम ने लीड किया था। कमांडेंट रविकांत गौतम ने काबुल से भारतीय नागरिकों के साथ राजनयिकों और अन्य भारतीयों को सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की। उनके सकुशल लौट ने का समाचार पाते ही स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं नें उनके घर पर जाकर उनके परिजनों को उन्हें बधाई दी, गर्व भी जताया और उनके परिजनों का सम्मान भी किया रविकांत अपनी कमांडों टीम के साथ 150 से अधिक भारतीयों को सकुशल लेकर हिंडन एयरपोर्ट पर लौटे हैं। कमांडेंट रविकांत के परिजनों नें बताया कि भारत सरकार ने रविकांत को जो जिम्मेदारी दी थी उसे उन्होंने पूरा किया है। वहां हालात भयानक थे। रविकांत दो रात से बिल्कुल नहीं सोए और न ही कुछ खाया। रविकांत नें उन्हें बताया कि आपरेशन की जानकारी तो साझा नहीं कर सकता हूँ। लेकिन इतना कहूंगा कि सरकार ने इसमें बहुत अच्छे से समन्वय बनाया। रविकांत को वहां फंसे हुए लोगों के साथ अपनी पूरी टीम को भी सुरक्षित लौटाकर लाना था जिसमें रविकांत सफल रहे। आइटीबीपी के कमांडिग ऑफिसर रविकांत गौतम बीते करीब एक साल से वहां तैनात थे। उन्होंने बताया कि काबुल की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। काबुल में मजार ए शरीफ के पास तालिबानी और अफगानी सेना के बीच अचानक ल?ाई छि? गई। दोनों ओर से गोलीबारी होने लगी और बम फेंके जाने लगे। इस दौरान कई भारतीय मजार ए शरीफ और उसके पास के इलाके में फंस गए थे।आइटीबीपी की टीम ने सभी को वहां से सुरक्षित बचा लिया। रविकांत के ब? भाई एडवोकेट अजय गौतम ने बताया कि भारत सरकार हमेशा अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों के साथ ख?ी रही और अधिकारी लगातार रविकांत से बातचीत कर रहे थे। ऐसे में जब फर्ज रविकांत के आंखों के सामने था तो उन्हें कभी भी डर नहीं लगा। उन्होंने बताया कि काबुल से विमान के उड़ने में भी भीड़ अड़चन बन रही थी। हालांकि किसी प्रकार वायुसेना ने विमान को सुरक्षित उतारा और लोगों को लेकर वापस आए हैं। रविकांत के पिता श्री रामस्वरूप गौतम व उनके परिवार को भी गर्व की अनुभूति हो रही है।

### स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संगठक केशव दुबोलिया नें विडिओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी रविकांत के परिजनों को बधाई



आइटीबीपी कमांडेंट रविकांत गौतम के द्वारा एयरलिफ्ट कर अफगानिस्तान में फंसे 150 भारतीयों को वापस लाने पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय एवं जिले के पदाधिकारियों नें उनके घर जाकर उनके परिजनों को बधाई देते हुए रविकांत के माता पिता का सम्मान किया। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संगठक केशव दुबोलिया नें विडिओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रविकांत के परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि आइटीबीपी कमांडेंट रविकांत गौतम नें आज न केवल शिवपुरी, मध्यप्रदेश बल्कि समूचे देश का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने आज जो कारनामा किया है निश्चित ही उसके पीछे उनके पूरे परिवार का त्याग और समर्पण है । आइटीबीपी कमांडेंट रविकांत गौतम के घर जाकर उनके परिजनों का सम्मान करने वाले स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं में प्रांतीय संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुरेश दुबे, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर शर्मा, विभाग संयोजक राकेश शर्मा, जिला सह संयोजक प्रमोद मिश्रा, जिला युवा आयाम प्रमुख रानू रघुवंशी, नगर संयोजक गजेन्द्र शिवहरे एवं जॉइन स्वदेशी जिला सह संपर्क प्रमुख कृष्णकांत भार्गव उपस्थित रहे।

# सीवर, सड़क और पेयजल समस्या को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

### नगर पालिका का घेराव, पुलिस जवानों से धक्का-मुक्की



भिण्ड। शहर में बारिश के बाद जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। जगह-जगह सड़कें टूटी हुई। सीवर व नालों की समस्या बनी हुई है। बारिश का पानी न निकलने से जगह-जगह जलभराव है। इन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जन आक्रोश प्रदर्शन किया। नगर पालिका कार्यालय पर एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका के मैनगेट से अंदर की ओर जाने लगे तो पुलिस जवानों ने रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की भी हुई। कांग्रेस का यह प्रदर्शन बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह द्वारा किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। वे अपने हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे। करीब डेढ़ सौ कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन को कंट्रोल करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम उदय सिंह सिकरवार को ज्ञापन दिया।

### इन मुद्दों को लेकर दिया ज्ञापन

युवा कांग्रेस के विक्रम प्रताप सिंह द्वारा कर्मकार मजदूरी कार्ड और मृत्यु द्वारा सहायता राशि में भ्रष्टाचार की शिकायत की गई। जिलाध्यक्ष द्वारा शहर में एक लाख तक के ऑफलाइन निर्माण कार्यों की समीक्षा किए जाने की बात कही। वार्ड क्रमांक 09, 10 और 11 से निकला हुआ बंवा कचरे से पटा हुआ है। इसे साफ कराए जाए। शहर भर में बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू कराए जाने की मांग की गई। शहर की सड़कों पर बारिश के बाद उभरे गड्ढों को बंद कराएं। इस मौके पर शिवम दुबे, ममता मिश्रा, अवधेश प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने इदुर्खी गांव में बाढ से प्रभावित घरों का किया अवलोकन



भिण्ड। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने रौन के बाढ़ प्रभावित ग्राम इदुर्खी पहुंच बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याएं सुनी। साथ ही सर्वे कार्य किस स्तर से चल रहा है इसकी भी जानकारी प्राप्त की। बाढ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया कि सभी बाढ प्रभावित परिवार को 50 किलो राशन प्रति परिवार को प्राप्त हो गया है। साथ ही क्षति के आंकलन हेतु सर्वे कार्य पश्चात सहायता राशि भी बाढ प्रभावित परिवारों के खातों में पहुँचना प्रारंभ हो गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम लहार आरए प्रजापति, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। बिजली व्यवस्था की स्थापना, खाद्य सामग्री की आपूर्ति, अधोसंरचना को पुनः स्थापित करने, नुकसान हुई फसलों के आकलन और गिर गए घरों के सर्वे का कार्य भी प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। राज्यमंत्री भदौरिया ने बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को आश्वस्त कर कहा कि जो गांव प्रति वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, उन्हें ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। जिन परिवारों के मकान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं उनके लिये नए आवास ऊँचे स्थानों पर ही स्वीकृत किये जाएंगे।

## बस ने बाइक में मारी टक्कर युवक घायल

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर रोड गढ़ी मोड पर एक बस चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिससे एक युवक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नीरज पत्नी स्व. रामकुमार शर्मा निवासी लाड़मपुरा बरोही ने बताया बुधवार दोपहर 2 बजे उसके जीजा कैलाश शर्मा बाइक से एनएच-92 हाइवे गढ़ी मोड मेहगांव से गुजर रहे थे, इसी दौरान बस क्रमांक एमपी07पी1211 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी और उसे घायल कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## टेलेंट सर्च 2021 अभियान 24 अगस्त से 4 सितम्बर तक होगा आयोजित



टेलेंट सर्च 2021 के संबंध में बैठक सम्पन्न ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 21 अगस्त तक कराऐं

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में टेलेंट सर्च 2021 के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, कमाण्डेट एसएएफ अमित तोलानी, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभवन सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी जीवन सिंह जादौन सहित विभिन्न खेलो के प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में कहा कि टेलेंट सर्च का आयोजन 24 अगस्त से 4 सितम्बर 2021 तक जिला मुख्यालय पर 17वीं एसएएफ बटालियन खेल मैदान भिण्ड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमे 12 वर्ष से 18 वर्ष मध्य के छात्र/ छात्राऐं भाग ले सकेगी। ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन हेतु खिलाडियों को 21 अगस्त 2021 की रात्रि 11.59 बजे तक जानकारी उक्त बेवसाईट पर दर्ज कराना होगा तथा खिलाडी विभागीय पोर्टल पर जाकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी हरिभवन सिंह तोमर को निर्देश दिए कि जिले के अन्य विकास खण्डो से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आने जाने के लिए वाहन व्यवस्था की जावे, ताकि किसी भी छात्र-छात्राओं को परेशानी न हो एवं छात्र/छात्राओं को चाय, नाश्ता की भी व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा निर्देश एवं मापदण्डो के अनुसार टेलेंट सर्च के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए चयन की प्रक्रिया अपनाई जाए। प्रतिभावान खिलाड़ी एथलेटिक्स, शूटिंग, वॉटर स्पोर्ट्स (कयाकिंग केनोइंग, रोइंग, सेलिंग, स्लालॉम), कराते, फेंसिंग, बॉक्सिंग, कुश्ती, ताइक्वाडों जूडो, घुड़सवारी, पुरुष हॉकी, ट्रायथलान, महिला हॉकी, बेडमिंटन, तीरंदाजी, पुरुष क्रिकेट, योग और मलखंभ में अपना भविष्य बनाने के लिए इस अभियान में शामिल हो सकेंगे। बैठक में जिला खेल अधिकारी से अभी तक हुए पंजीयन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की एवं निर्देश दिए कि प्रतिदिन लगभग 100 खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जाए। बैठक में खेल अधिकारी को निर्देशित किया कि टेलेंट सर्च 2021 के लिए आवश्यकतानुसार पुलिस अधीक्षक एवं जिला कमाण्डेट एसएएफ का भी सहयोग जा सकता है। खिलाडी संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पुलिस लाईन भिण्ड से भी संपर्क कर सकते है।

### बाढ़ में बहकर आई भैंस का मामलाः

## सरपंच, एसपी से बोला भले ही एफआईआर करा दो, भैंस नहीं दूंगा

### पुलिस और कांग्रेस नेता के हस्तक्षेप के बाद मालिक को सौंपी भैंस

भिण्ड। सिंध में आई बाढ़ के बाद एक भैंस के बहने और उसकी वापसी का रोचक मामला सामने आया है। बाढ में बह रही एक भैंस को एक गांव के सरपंच ने पकड लिया। इसकी जानकारी पर भैंस मालिक उसे लेने पहुंचा तो सरपंच ने 50 हजार रुपए मांगे। शिकायत के बाद सरपंच ने एसपी से भी कह दिया कि भले ही केस दर्ज करा दो, लेकिन भैंस नहीं दूंगा। बाद में कांग्रेस नेता के हस्तक्षेप के बाद सरपंच ने भैंस को उसके मालिक को सौंपा। 4 अगस्त को भारौली कलां गांव सिंध की बाढ़ से तबाह हो गया। इस दौरान घर-गृहस्थी के सामान के साथ लोगों का लाखों का नुकसान हो गया। कई लोगों के गाय-भैंस भी पानी में बह गए। गांव के ही राहुल सिंह राजावत की भैंस भी पानी में बह गई। भैंस करीब 15 किमी दूर रौन क्षेत्र के मेंहदा घाट पुल के पास बीहड के टीले पर फंस गई। यहां बहादुरपुरा सरपंच समेत बिछौली गांव के कुछ युवक मौजूद थे। राहुल सिंह के मुताबिकए सरपंच विक्र म सिंह ने बिछौली गांव के राजवीर सिंह राजावत और राजेंद्र सिंह सिसोदिया से भैंस को पकडकर बंधवा दिया। इसके बाद तीनों में भैंस के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। सरपंच का कहना था कि दोनों 10-10 हजार रुपए ले लें और भैंस वह खुद रख लेगा, जबकि राजवीर और राजेंद्र ने कहा कि भैंस को बेचकर जो भी पैसे मिलेंग, उसे बराबर बांट लेंगे। यह जानकारी बहादुरपुरा और बिछौली गांव के लोगों को लगी। इसी बीच किसी ने भैंस का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो बनाने वाले ने इसे गुजरात में काम करने वाले गांव के ही साथी को भेजा। उन्होंने भैंस को पहचान कर वीडियो राहुल सिंह को भेज दिया। उसने भैंस की पहचान कर ली। इसके बाद राहुल भैंस को वापस लेने के लिए बिछौली पहुंचा। उसने यहां बाढ में बहकर आई आधा दर्जन भैंसों को देखा और अपनी भैंस पहचान गया। जब भैंस वापस करने के लिए कहा तो राजवीर और राजेंद्र ने भैंस देने से इनकार कर दिया। इसकी जानकारी राहुल ने भारौली थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे को दी। सूचना के बाद जब पुलिस यहां पहुंची तो राजेंद्र और राजवीर ने भैंस को बीह? में छिपा दिया। थोडी देर बार सरपंच विक्रम सिंह मौके पर पहुंचा और भैंस देने के एवज में 50 हजार रुपए मांगे। राहुल ने गांव के कुछ बुजुर्गों के साथ पंचायत भी लगाई। इसमें 35 हजार रुपए देना तय हुआ। इसके बाद राहुल ने एसपी मनोज कुमार सिंह से शिकायत कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### घर पर गिरने से महिला की मौत

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के बहादुरपुरा में एक महिला को अचानक घर पर गश्त आ गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद परिजन आनन फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर दौड़े तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह 7.30 बजे ज्योति पत्नी धीरेन्द्र राजावत निवासी बहादुरपुरा रौन जिसे अचानक गश्त आ गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसकी नब्ज टटोलकर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

भिण्ड। ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम रूर में महेन्द्र यादव के घर के सामने एक युवक की बाइक खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार धीरज पुत्र सूरज यादव उम्र 22 वर्ष निवासी सहसो इटावा जो विगत 29 अगस्त शाम 5 बजे बाइक क्रमांक यूपी75एएफ8116 क्षेत्र के ग्राम रूर में महेन्द्र यादव के घर गया था और बाइक खडी कर अंदर चला गया, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### घर के सामने शराब पीने की मना करने पर युवक की मारपीट

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.1 में पुराना घनश्याम पुरा एक युवक को शराब पीने से मना किया तो गाली-गलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रमोद पुत्र सरनाम गोस्वामी निवासी वार्ड क्र.1 घनश्यामपुरा ने बताया उसी मोहल्ला निवासी निक्की शुक्ला जो घर के सामने बैठकर शराब पी रहा था, इसी दौरान जब उसने मना किया तो गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और मारपीट करते हुए चला गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## विधायक ने ओपन जिम का काम शुरू करवाने किया मुआयना, भोपाल से आए कारीगरों से मिले



भिण्ड। शहर के ह्दयस्थल गौरी सरोवर किनारे योगिक योगाश्रम मैदान में ओपन जिम की सुविधा, जल्द मिल जाएगी। ओपन जिम का काम शुरू करवाने के लिए बुधवार को भिंड विधायक संजीव सिंह संजू ने योगाश्रम मैदान का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने भोपाल से ओपन जिम का ट्रैक तैयार करने आए कारीगरों से मुलाकात की। विधायक ने बताया खेल एवं युवक कल्याण विभाग की ओर से 8 लाख 31 हजार 275 रुपए कीमत की ओपन जिम की सुविधा गौरी सरोवर किनारे जल्द ही शहर के लोगों को मिल जाएगी।

### जिम के साथ दिखेगा गौरी सरोवर का नजाराः

गौरी सरोवर शहर का प्रमुख ह्रदय स्थल है। यहां मिशन स्वच्छ पार्क के पीछे योगिक योगाश्रम मैदान में ओपन जिम लगाई जाएगी। विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि ओपन जिम में 8 लाख 31 हजार 275 रुपए कीमत के 11 तरह के उपकरण लगाए जाएंगे। इसके लिए भोपाल के एक्सपर्ट कारीगर ट्रैक बनाने के लिए भिंड आ गए हैं। इसी सप्ताह में यह ट्रैक तैयार हो जाएगा। इसी ट्रैक पर ओपन जिम लगाई जाएगी। विधायक ने खेल अधिकारी से जल्द से जल्द ओपन जिम का काम शुरू करने के लिए कहा है। इस दौरान ओपी शुक्ला, अजीत सिंह, नीलेश तोमर, आदित्य कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

### शहर की सबसे पुरानी व्यायामशाला को नया रूप

विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा कि योगिक योगाश्रम मैदान में ही काफी पुराने समय से व्यायामशाला का संचालन किया जाता है। अब यहां 8 लाख 31 हजार 275 रुपए कीमत की आधुनिक ओपन जिम लगाई जाएगी। इस जिम के जरिए बुजुर्ग, युवा और बच्चे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख पाएंगे। यहां बता दें, गौरी सरोवर शहर का सबसे मुख्य स्थान है। यहां सुबह और शाम बड़ी संख्या में लोग टहलने, घूमने के लिए आते हैं। अब लोगों को गौरी सरोवर किनारे ओपन जिम की सौगात भी मिलेगी।

### विधायक ने मुआयना किया, आवासीय और व्यवसायिक उपयोग के लिए विकसित होगी सिंचाई विभाग की जमीन

**70 करोड़ रुपए की राशि से विकसित की जाएगी सिंचाई विभाग कालोनी की 9.6 हेक्टेयर जमीन, तैयारी शुरू**



भिण्ड। शहर के विकास को पंख लगना शुरू हो गए हैं। भिंड विधायक संजीव सिंह संजू के प्रयासों से शहर के बीचों-बीच स्थित सिंचाई विभाग कालोनी की 9.6 हेक्टेयर जमीन को सरकार ने रिडेंसीफिकेशन (पुन : सघनीकरण) के लिए पहले ही स्वीकृत कर दिया था। अब इस जमीन को विकसित करने के लिए कंसल्टेंट एजेंसी को नियुक्त किया गया है। विधायक ने बुधवार को एजेंसी के डायरेक्टर डीके शर्मा के साथ मुआयना किया है। अब इस जमीन को 70 करोड़ रुपए की लागत से आवासीय और व्यवसायिक उपयोग के लिए विकसित किया जाएगा। विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि भिंड शहर के विकास को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सिंचाई विभाग कालोनी की 9.6 हेक्टेयर जमीन का रिडेंसीफिकेशन का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव को संवेदनशील मुख्यमंत्री ने स्वीकृत करा दिया है। अब यहां रिडेंसीफिकेशन के लिए सरकार की ओर से गाजियाबाद की दिृष्ट इंजीनियर्स एलएलपी को नियुक्त किया गया है। यह एजेंसी इस पूरी भूमि का सर्वे कर यहां आवासीय, व्यवसायिक विकास का खाका तैयार करेगी। डीपीआर तैयार कर सरकार की ओर भेजी जाएगी। वहां से डीपीआर पर हरी झंडी होते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके साथ ही भिंड में विकास का नया अध्याय शुरू हो जाएगा।

### कलेक्टर-एसपी के बंगले, कर्मचारियों के आवास

विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि रिडेंसीफिकेशन के जरिए सिंचाई विभाग कालोनी की जमीन को प्रमोटर के जरिए करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इसमें कलेक्टर-एसपी के बंगले, सिंचाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पांच श्रेणी के आवास को विकसित किया जाएगा।

## तालिबान से भारत सरकार सीधा संवाद क्यों नहीं करती ?

अफगानिस्तान में अशरफ गनी सरकार गिर चुकी है लेकिन तालिबान की सरकार ने अभी तक औपचारिक सत्ता-ग्रहण नहीं किया है। किसी भी देश में जब भी तख्ता-पलट होता है तो नए शासक की घोषणा तुरंत होती है लेकिन ऐसा लगता है कि तालिबान अभी सलाह-मशवरा में मशगूल हैं। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ होगा कि अशरफ गनी की साढ़े तीन लाख की फौज बिना लड़े ही हथियार डाल देगी। तालिबान को क्या, अमेरिकियों को भी इल्म नहीं था कि अफगान-सेना इतनी जल्दी धराशायी हो जाएगी। अमेरिका का जासूसी–तंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और सक्षम तंत्र है लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन भी बिल्कुल गलत सिद्ध हो गए। और भारत का तो कहना ही क्या ? वह दक्षिण एशिया का सबसे शक्तिशाली देश है। उसका प्रधानमंत्री कार्यालय, उसका विदेश मंत्रालय और उसका गुप्तचर विभाग टापता रह गया। उसे पता ही नहीं चला कि काबुल सूखे पत्ते की तरह टूट कर तालिबान के हाथ में गिरने ही वाला है। सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष के नाते भारत चाहता तो काबुल में संयुक्तराष्ट्र की शांति–सेना भिजवा सकता था लेकिन यह मौका उसने खो दिया। यह मौका तो अभी भी है। भास्कर में पिछले हफ्ते ही मैंने लिखा था कि तालिबान मूलतः पश्तूनों का संगठन है। अगर उसने हेरात और मजारे-शरीफ– जैसे गैर-पश्तून इलाके इतनी आसानी से कब्जा लिये तो कंधार, काबुल और जलालाबाद– जैसे पश्तून इलाके तो अपने आप उसकी शरण में आ जाएंगे लेकिन भारत सरकार ने कोई चतुराई नहीं दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को जब लाल किले से भाषण दे रहे थे, उस समय तालिबान काबुल के राजमहल में घुस रहे थे लेकिन उनके भाषण में इसकी ज़रा भी कोई चिंता नहीं दिखी।

अफगानिस्तान में जो भी उथल-पुथल होती है, उसका सबसे ज्यादा असर पहले पाकिस्तान और फिर भारत पर होता है लेकिन आप जरा देखें कि अफगान-संकट में सबसे सक्रिय भूमिका कौनसे देश अदा कर रहे थे? अमेरिका, चीन, रूस, तुर्की, क़तर, यूएई और ईरान आदि! अफगान मुजाहिदीन और तालिबान ने रूस और अमेरिका के हजारों जवानों को मौत के घाट उतार दिया और उनके अरबों-खरबों डॉलरों पर पानी फेर दिया लेकिन इसके बावजूद वे उनके साथ पिछले दो साल से खुलकर बात कर रहे हैं लेकिन भारत आज क्या कर रहा है ? भारत ने अपना दूतावास खाली कर दिया है। अपने राजदूत और अन्य राजनयिकों की जान बचाकर उन्हें किसी तरह भारत ले आया गया है। अभी भी भारत के लगभग डेढ़ हजार नागरिक वहाँ फंसे हुए हैं। क्या वजह है कि अमेरिका, रूस, चीन, ईरान और तुर्की जैसे देशों ने काबुल में भारत की तरह अपने दूतावास खाली नहीं किए हैं ? क्या वजह है कि रूस, चीन और ईरान ने घोषणा कर दी है कि वे तालिबान के साथ सहयोग करेंगे ? और क्या वजह है कि भारत की बोलती बंद है? भारत सरकार का प्रवक्ता सिर्फ प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के बारे में चिंतित दिखाई पड़ रहा है? यह ठीक है कि अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को निकाल लाने में भारत सरकार मुस्तैदी दिखा रही है लेकिन क्या वह इस अफगान-संकट में भारतीय राष्ट्रहितों की रक्षा करने का पर्याप्त प्रयत्न कर सकी है? रूस और अमेरिका ने चाहे अफगानिस्तान में अरबों-खरबों रुपए बहा दिए लेकिन आम अफगान जनता में भारत की जो सराहना है, वह इन देशों की नहीं है। भारत खुद मालदार देश नहीं है लेकिन अफगानिस्तान के नव-निर्माण में भारत ने तीन बिलियन डॉलर लगाए हैं। उसके दर्जनों नागरिकों और राजनयिकों को आतंकवादियों ने अपना निशाना बनाया है।

# बिना कलम कागज....

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



वसुधैव कुटुम्बकम् की वैचारिक उद्घोषणा वैदिक भारतीय संस्कृति की ही देन है . वैज्ञानिक अनुसंधानो , विशेष रूप से संचार क्रांति तथा आवागमन के संसाधनो के विकास ने तथा विभिन्न देशो की अर्थव्यवस्था की परस्पर प्रत्यक्ष व परोक्ष निर्भरता ने इस सूत्र वाक्य को आज मूर्त स्वरूप दे दिया है , कोरोना त्रासदी ने दवा , वैक्सीन जैसे मुद्दे वैश्विक एकता के उदाहरण हैं . हम भूमण्डलीकरण के युग में जी रहे हैं . सारा विश्व कम्प्यूटर चिप और बिट में सिमटकर एक गांव बन गया है . लेखन , प्रकाशन , पठन पाठन में नई प्रौद्योगिकी की दस्तक से आमूल परिवर्तन परिलक्षित हो रहे हैं . नई पीढ़ी अब बिना कलम कागज के ही कम्प्यूटर पर ही सीधे लिख रही है ,प्रकाशित हो रही है , और पढ़ी जा रही है . ब्लाग तथा सोशल मीडीया वैश्विक पहुंच के साथ वैचारिक अभिव्यक्ति के सहज , सस्ते , सर्वसुलभ , त्वरित साधन बन चुके हैं .सामाजिक बदलाव में सर्वाधिक महत्व विचारों का ही होता है .लोकतंत्र में विधायिका , कार्यपालिका , न्यायपालिका के तीन संवैधानिक स्तंभो के बाद पत्रकारिता को चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता दी गई क्योकि पत्रकारिता वैचारिक अभिव्यक्ति का माध्यम होता है , आम आदमी की नई प्रौद्योगिकी तक पहुंच और इसकी त्वरित स्वसंपादित प्रसारण क्षमता के चलते सोशल मीडिया व ब्लाग जगत को लोकतंत्र के पांचवे स्तंभ के रूप में देखा जा रहा है . वैश्विक स्तर पर पिछले कुछ समय में कई सफल जन आंदोलन इसी सोशल मीडिया के माध्यम से खड़े हुये हैं .

हमारे देश में भी बाबा रामदेव , अन्ना हजारे के द्वारा बिना बंद , तोड़फोड़ या आगजनी के चलाया गया जन आंदोलन , और उसे मिले जन समर्थन के कारण सरकार को विवश होकर उसके सम्मुख किसी हद तक झुकना पड़ा था . इन आंदोलनो में विशेष रुप से नई पीढ़ी ने इंटरनेट , मोबाइल एस एम एस और मिस्डकाल के द्वारा अपना समर्थन व्यक्त किया . जब हम भारतीय परिदृश्य में इस प्रौद्योगिकी परिवर्तन को देखते हैं तो हिंदी पर इसके प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं . 21 अप्रैल, 2003 की तारीख वह स्वर्णिम तिथि है जब रात्रि 22=21 बजे हिन्दी के प्रथम ब्लॉगर, मोहाली, पंजाब निवासी आलोक ने अपने ब्लॉग '9 2 11' पर अपना पहला ब्लॉग-आलेख हिन्दी में पोस्ट किया था . तब से होते निरंतर प्रौद्योगिकी विकास के साथ हिन्दी के महत्व को स्वीकार करते हुये ही बी बी सी , स्क्रेचमाईसोल , रेडियो जर्मनी ,टी वी चैनल्स , तथा देश के विभिन्न अखबारो तथा न्यूज चैनल्स ने भी अपनी वेबसाइट्स पर पाठको के ब्लाग के पन्ने बना रखे हैं . ब्लागर्स पार्क दुनिया की पहली ब्लागजीन के रूप में नियमित रूप से मासिक प्रकाशित हो चुकी है . यह पत्रिका ब्लाग पर प्रकाशित सामग्री को पत्रिका के रूप में संयोजित करने का अनोखा कार्य कर रही थी .मुझे गर्व है कि मैं इसके मानसेवी संपादन मण्डल का सदस्य रहा हूं . अपने नियमित स्तंभो में प्रायः समाचार पत्र ब्लाग से सामग्री उधृत करते दिखते हैं . हिन्दी ब्लाग के द्वारा जो लेखन हो रहा है उसके माध्यम से साहित्य , कला समीक्षा , फोटो , डायरी लेखन आदि आदि विधाओ में विशेष रूप से युवा रचनाकार अपनी नियमित अभिव्यक्ति कर रहे हैं . ई अभिव्यक्ति वेब पोर्टल हेमन्त बावनकर जी का अनूठा प्रयोग है , जिसकी हर सुबह पाठक प्रतीक्षा करते हैं । वेब दुनिया , जागरण जंकशन , नवभारत टाइम्स जैसे अनेक हिन्दी पोर्टल ब्लागर्स को बना बनाया मंच व विशाल पाठक परिवार सुगमता से उपलब्ध करवा रहे हैं .और उनके लेखन के माध्यम से अपने पोर्टल पर विज्ञापनो के माध्यम से धनार्जन भी करने में सफल हैं . हिन्दी और कम्प्यूटर मीडिया के महत्व को स्वीकार करते हुये ही अपने वोटरो को लुभाने के लिये राजनैतिक दल भी इसे प्रयोग करने को विवश हैं . हिन्दी न जानने वाले राजनेताओ को हमने रोमन हिन्दी में अपने भाषण लिखकर पढ़ते हुये देखा ही है . यह सही है कि ब्लाग लेखन और व्यापकता चाहता है , पर जैसे जैसे नई कम्प्यूटर साक्षर पीढ़ी बड़ी होगी , इंटरनेट और सस्ता होगा तथा आम लोगो तक इसकी पहुंच बढ़ेगी यह वर्चुएल लेखन और भी ज्यादा सशक्त होता जायेगा , एवं भविष्य में लेखन क्रांति का सूत्रधार बनेगा . युवाओ में बढ़ी कम्प्यूटर साक्षरता से उनके द्वारा देखे जा रहे ब्लाग के विषय युवा केंद्रित अधिक हैं .विज्ञापन , क्रय विक्रय , शैक्षिक विषयो के ब्लाग के साथ साथ स्वाभाविक रूप से जो मुक्ताकाश कम्प्यूटर और एंड्रायड मोबाईल , सोशल नेट्वर्किंग, चैटिंग, ट्विटिंग, ई-पेपर, ई-बुक, ई-लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, ने सुलभ करवाया है , बाजारवाद ने उसके नगदीकरण के लिये इंटरनेट के स्वसंपादित स्वरूप का भरपूर दुरुपयोग किया है . हिट्स बटोरने हेतु उसमें सैक्स की वर्जना , सीमा मुक्त हो चली है . वैलेंटाइन डे के पक्ष विपक्ष में लिखे गये ब्लाग अखबारो की चर्चा में रहे .प्रिंट मीडिया में चर्चित ब्लाग के विजिटर तेजी से बढ़ते हैं , और अखबार के पन्नो में ब्लाग तभी चर्चा में आता है जब उसमें कुछ विवादास्पद , कुछ चटपटी , बातें होती हैं , इस कारण अनेक लेखक गंभीर चिंतन से परे दिशाहीन होते भी दिखते हैं . हिंदी भाषा का कम्प्यूटर लेखन साहित्य की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाने की स्थिति में हैं ,क्योकि ज्यादातर हिंदी ब्लाग कवियों , लेखको , विचारको के सामूहिक या व्यक्तिगत ब्लाग हैं जो धारावाहिक किताब की तरह नित नयी वैचारिक सामग्री पाठको तक पहुंचा रहे हैं . पाडकास्टिंग तकनीक के जरिये आवाज एवं वीडियो के ब्लाग , मोबाइल के जरिये ब्लाग पर चित्र व वीडियो क्लिप अपलोड करने की नवीनतम तकनीको के प्रयोग तथा मोबाइल पर ही इंटरनेट के माध्यम से ब्लाग तक पहुंच पाने की क्षमता उपलब्ध हो जाने से कम्प्यूटर लेखन और भी लोकप्रिय हो रहा है . अनेक लेखक जो पहले ब्लाग पर लिखते थे प्रौद्योगिकी के परिवर्तनो के साथ सुगमता की दृष्टि से फेसबुक व अन्य सोशल साइट्स पर शिफ्ट हो रहे हैं .

यात्रा रिजर्वेशन , नेट-बैंकिंग, सेटेलाईट टीवी, हाई टेक हिन्दी फ़िल्मों, रोजमर्रा की जीवन शैली में कम्प्यूटर के बढ़ते समावेश से देश-वासियों और देश-दुनिया के साथ हिन्दी-भाषियों के भी काम-काज, घर-बार और दैनिक जीवन के प्रयोग-अनुप्रयोग में , शासकीय गैरशासकीय वेबसाइट्स की सूचनाओ के माध्यम से भी हिन्दी समृद्ध होती जा रही है . दुनिया भर के हिन्दी लेखक नेट संवाद के जरिये पास आ रहे हैं . इंटरनेट पर हिन्दी लेखन की सबसे बड़ी कमी उसका वर्चुएल होना और उसका कोई स्थाई संग्रहण न होना है . यद्यपि आज भी कम्प्यूटर पर हिन्दी इतनी समृद्ध हो चुकी है कि जब भी हमें कुछ संदर्भ आवश्यक होता है , हम पुस्तकालय जाने से पहले संदर्भ सामग्री की तलाश इंटरनेट पर ही करते हैं , यह उपलब्धि बहुत महत्वपूर्ण है तथा भविष्य के लिये स्पष्ट संकेत है . सर्च इंजन की कुशलता बढ़ने के साथ ही हमारी संदर्भ के लिये यह निर्भरता और बढ़ती जायेगी . कम्प्यूटर लेखन के साफ्ट कापी से हार्ड कापी में नव परिवर्तनों के इस दौर में प्रिंटंग प्रौद्योगिकी की बढ़ती सुविधाओ के चलते पुस्तक प्रकाशन अब पहले से कहीं सरल हो चला है , इससे भी हिन्दी के विकास को प्रोत्साहन मिला है .

संसद से सड़क तकज.बाज़ार से बस्ती तकजशिक्षित से सुशिक्षित तकज.चूल्हे-चौके से चौक तक ..मिल से मॉल तक ...कैटल क्लास से कॉर्पोरेट क्लास तक .. हिन्दी भाषा किसी प्रचार की मोहताज़ नही है .हिन्दी का अपना प्रवाह , अपना समृद्ध शब्दकोष ,अपना व्याकरण है .हिन्दी जड़ता से परे विकासशील और उदारवादी भाषा है . महात्मा गांधी विश्व चिंतक थे , उन्होने हिन्दी को देश को जोड़ने के लिये आवश्यक बताते हुये इसे राष्ट्रभाषा बताया था . अपने परिवेश की बोलियों , अन्य भाषाओ तथा नई प्रौद्योगिकी के संसाधनो को समाहित करने की क्षमता ही हिन्दी को सहज और सर्वस्वीकार्य बनाती है. भूमण्डलीकरण एवं नई प्रौद्योगिकी से हिन्दी और भी समृद्ध होगी . वैचारिक व सामाजिक लेखन हेतु लेखक को अनेक पुरस्कारो से सम्मानित किया जा चुका है।

## ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है। पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते।

## कहीं पे निगाहें-कहीं पे निशाना

**ओमप्रकाश मेहता**

**अफगानिस्तान कब्जे का सबब: अमेरिका को सबक**



आज तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा क्या कर लिया? पूरा विश्व आश्चर्यचकित है, पहले तो इस बात पर कि बिना किसी खून-खराबे या हमले के अफगानिस्तान तालिबान के कब्जे में आ गया और दूसरा यह कि अफगानिस्तान का संरक्षक अमेरिका इस मामले में कुछ नहीं कर पाया, न वह अफगानिस्तान को तालिबान के चंगुल से बचा पाया और न उसकी रक्षा ही कर पाया, सिर्फ तालिबान ने अपनी धमक के बलबूते पर ही इस अजीब तरीके से अफगानिस्तान पर रातों रात कब्जा कर लिया, तभी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को कहना पड़ा कि ''यह अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी हार है।'' इसे कहते है- ''कहीं पे निगाहें-कहीं पे निशाना।'' अब अमेरिका के संदर्भ में तालिबान का अगला कदम क्या होगा? यह तो सिर्फ और सिर्फ तालिबान के नेता जाने, किंतु यह सही है कि तालिबान अब चुप बैठने वाला कतई नहीं है। किंतु इस पूरे घटनाक्रम में अभी भी यह प्रश्न जीवित है कि जब पूरी दुनिया इस घटनाक्रम को लेकर मौन साधकर बैठी रही तो फिर तालिबान ने इतना साहसिक कदम किसके बलबूते पर उठाया, उसके पीछे कौन? वैसे जाहिर तौर पर तो पाकिस्तान के सहयोग के बलबूते पर तालिबान इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकता? यह माना कि इस दिशा में उसकी तैयारी काफी पहले से चल रही थी, विश्व के कई देश यह जानते भी थे, किंतु जानबूझकर अफगानिस्तान का संरक्षक अमेरिका अपने दायित्व से मुकर जाएगा ऐसा किसी ने भी नहीं सोचा था। अब विश्व के देशों को सबसे बड़ा आश्चर्य इसी बात पर हो रहा है कि पूरे संसार में आतंकी गतिविधियों के लिये मशहूर तालिबान इतने शांतिपूर्ण तरीके से अफगानिस्तान को कब्जाने में कैसे सफल हो गया और अफगानिस्तान के राष्ट्रपति सहित सभी बड़े नेता देश छोड़कर भागने को क्यों मजबूर हो गए। तालिबान के आतंकी रवैये को देखते हुए ही अफगानिस्तान के भगौड़े राष्ट्रपति अशरफगनी को ताजिकिस्तान ने अपने देश में उतरने नहीं दिया और उन्हें ओमान जाना पड़ा, अब वहां से वे अपने संरक्षक अमेरिका की शरण में जाने की तैयारी कर रहे है, तालिबान की धमक के कारण ही काबुल हवाई अड्डे पर देश छोड़कर जाने वालों की बेतहाशा भीड़ बढ़ी भगदड़ मची, धक्का-मुक्की हुई, भारी गोलीबारी हुई जिसमें आधा दर्जन लोग मारे भी गए। जबकि काबुल में घुसते ही तालिबानियों ने सार्वजनिक घोषणा कर दी थी कि वे किसी को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगें और सभी लोग अपने घरों में ही रहें। तालिबान की आतंकी धमक के कारण ही 66 देशों को सामुहिक अपील कर तालिबान से कहना पड़ा कि ''जो लोग देश छोड़कर जाना चाहें, उन्हें शांति से जाने दें।'' इधर संयुक्त राष्ट्र संघ ने जहां इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा एवं विचार करने के लिए अपनी आपात बैठक बुलाई है, वहीं ब्रिटेन की संसद ने भी आपात बैठक बुलाई है, कनाड़ा ने भी इस घटनाक्रम पर ''दिल टूटने'' वाली बात कहीं। वहीं जर्मनी ने तालिबान की इस आसान जीत पर आश्चर्य व्यक्त किया। ब्रिटेन ने तो विश्व संगठनों से तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देने की अपील तक कर डाली। अब अफगानिस्तान का तालिबान के साथ जुड़ा भविष्य कैसा रहेगा? यह तो बाद की बात है, किंतु आज पूरा विश्व इस पूरे घटनाक्रम को लेकर आश्चर्यचकित है, कैसे एक आतंकी देश अपनी धमक के बलबूते पर विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति के संरक्षण में पहले वाले देश पर अचानक कब्जा कर लेता है? और वह महाशक्ति कुछ नहीं कर पाती? इसको लेकर विश्व के सभी देशों में अलग-अलग तरह की चर्चाएं है। किंतु अब पूरे विश्व की निगाहें तालिबान के अगले कदम पर है, फिलहाल उसने मुल्ला बरदर को इस अफगानिस्तान का सर्वेसर्वा घोषित कर दिया है, और राष्ट्रपति भवन सहित सभी महत्वपूर्ण जगहों को अपने कब्जे में ले लिया हे, किंतु यहां यह अधिक महत्वपूर्ण है कि काबुल में रहने वाले विदेशियों की क्या स्थिति होगी।

# बच नहीं सकता यूएस

### सूडोकु नवताल- 5806

✸✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल 5805 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सिद्धार्थ शंकर**



अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन कह रहे हैं कि जो भी हालात हैं, उसके लिए अशरफ गनी से सवाल किया जाना चाहिए। एक बारगी उनकी बात सही भी है, मगर क्या इतना भर कह देने से उनकी जबावदेही बच जाती है। आज अफगानिस्तान को लेकर लगभग पूरी दुनिया में जिस तरह के हालात हैं, उसके लिए अमेरिका भी कम दोषी नहीं है। विदेशी मीडिया से लेकर तमाम मुल्कों में अमेरिका के खिलाफ आवाज बुलंद हो रही है। तालिबान द्वारा काबुल में प्रवेश के बाद अफगानिस्तान से अमेरिकी नागरिकों को बाहर निकालने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन व उनके अधिकारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। यह अमेरिका के लिए झटका माना जा रहा है। क्योंकि, जो बाइडेन व उनके अधिकारियों का अनुमान था कि अमेरिकी सैनिकों के वापस आने के बाद तालिबान को काबुल पर कब्जा जमाने में एक महीने से ज्यादा समय लगेगा। लेकिन, अफगान की सेना और सरकार बहुत जल्द ही हार गई।

अपने अनुमान को गलत मानते हुए अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों के अंत तक 2500 अमेरिका के सैनिक अफगानिस्तान से वापस आ जाएंगे। वहीं छह हजार सैनिक लोगों की मदद के लिए वहां रहेंगे। राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि हमें नहीं लगा था कि अफगानिस्तान की सेना इतनी जल्दी हार जाएगी और देश की रक्षा नहीं कर पाएगी। बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिक अफगानिस्तान से सेना वापसी का समर्थन करते हैं। वहीं बाइडेन के अधिकारियों का भी मानना है कि पिछले 20 साल से अमेरिका पर बोझ बढ़ता जा रही है। लेकिन, युद्ध के बाद अफगानिस्तान में अराजक स्थिति बन रही है। क्योंकि, अब तालिबान, देश एक बड़े हिस्से को अपने नियंत्रण में बताता है। इसलिए राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए यह बड़ा राजनीतिक खतरा माना जा रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों ने प्रशासन से जवाब मांगा है कि कैसे उनका खुफिया तंत्र फेल हो गया और वे स्थिति का जमीनी आकलन नहीं कर पाए। रविवार को अफगानिस्तान से लोगों को निकालने के लिए चल रही बैठक में अधिकारियों को सांसदों के कठिन सवालों का सामना भी करना पड़ा। हाउस माइनॉरिटी लीडर केविन मैकार्थी ने रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन व ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिले से पूछा कि यह सब इतनी जल्दी कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि आप कहते हैं कि आपके पास क्या योजना थी। हम उन्हें हवाई सहायता नहीं दे पाए। किसी के पास अब इससे बाहर निकलने की योजना नहीं है। यह अमेरिका को भी गर्त में ले जाएगा। पिछले 20 वर्षों में तालिबान को लेकर अमेरिका ने जितने भी दावे-वादे किए हैं, उन सब की सच्चाई सामने आ गई है। अमेरिका के लिए यह स्थिति काफी जटिल है। अगर वह कोई बड़ा कदम नहीं उठाता है तो उसकी साख पर बट्टा लगना तय है। अमेरिकी सैनिकों ने 20 साल के संघर्ष के बाद सबसे बड़ी सैन्य चौकी बगराम एयर बेस पीछे छोड़ दिया है। जिसमें एनर्जी ड्रिंक से लेकर बख्तरबंद वाहनों, हेलीकॉप्टर, सैन्य वाहन, नागरिक वाहन, हथियार और गोला-बारूद तक हैं। हालांकि 984 सी-17 परिवहन विमान से भारी मात्रा में सामग्री देश से बाहर भी भेजी गई। जबकि अमेरिकी सैनिकों ने कुछ हथियारों को वापस ले जाने या इन्हें अफगानी सेना को सौंपने के बजाए बाबा मीर के विशाल कबाडख़ाने में टैंक, तोपखाने और अन्य हथियारों के टुकड़ों को नष्ट कर दिया। अंतराष्ट्रीय मीडिय रिपोर्ट्स के मुताबिक अनुमान है कि अमेरिकी सैनिकों ने अफगानिस्तान छोडने़ से पहले करीब 1500 से1700 उन सैन्य उपकरण नष्ट कर दिए जिन्हें वापस स्वदेश ले जाना संभव नहीं था। इसमें से 387 मिलियन पाउंड (176 मिलियन किलोग्राम) स्क्रैप पहले ही अफगान सरकार को 46.5 मिलियन डॉलर में बेचा जा चुका है। जबकि कुछ हथियार अफगान सैनिकों को सौंपे गए। ऐसे में सवाल उठा कि आखिर अमेरिका ने जो अफगानी सैनिकों को जो उपकरण और हथियार दिए।

## अमेरिका ने अपना पिंड छुड़ाया

**वेदप्रताप वैदिक**

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्र के नाम जो संदेश दिया, उसका मुख्य उद्देश्य दुनिया को यह बताना था कि उन्होंने अफगानिस्तान से निकलना क्यों जरुरी समझा। उन्होंने अमेरिका की इस फौजी निकासी का मूल निर्णय करनेवाले डोनाल्ड ट्रंप को कोई श्रेय नहीं दिया। उन्होंने इस भयंकर तथ्य की भी कोई जिम्मेदारी नहीं ली कि वे अफगानिस्तान को राम भरोसे छोड़कर क्यों भाग खड़े हुए ? जैसे 1975 में अमेरिका दक्षिण वियतनाम को उत्तर वियतनाम के भरोसे छोड़कर भाग आया था, वैसे ही उसने अफगानिस्तान को तालिबान के भरोसे छोड़ दिया। वैसे अमेरिका ने ही मुजाहिदीन और तालिबान को पिछले 40 साल में खड़ा किया था। ज्यों ही काबुल में बबरक कारमल की सरकार बनी, रूसियों को टक्कर देने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान को उकसाया और पाकिस्तान ने अफगान बागियों को शरण दी। पाकिस्तान के जरिए अमेरिका ने पेशावर, मिरान्शाह और क्वेटा में टिके पहले मुजाहिदीन और फिर तालिबान को हथियार और डॉलर दिए। ये तथ्य मुझे 1983 में इन नेताओं ने पेशावर में खुद बताए थे। आतंक फैलाने का प्रशिक्षण भी दिया। लेकिन इन्हीं तालिबान ने जब अल-क़ायदा से हाथ मिलाया और उसने अमेरिका पर हमला कर दिया तो अमेरिका ने काबुल से तालिबान को उखाड़ने के लिए अपनी और नाटो की फौजें भेज दीं। अब 20 साल बाद अपने लगभग ढाई हजार सैनिकों की जान गंवाने और खरबों डॉलर बर्बाद करने के बाद उन्हीं तालिबान के साथ उसने वाशिंगटन, पेशावर, काबुल, दोहा आदि में बात शुरु कर दी। इस बात का लक्ष्य सिर्फ एक था। किसी तरह अफगानिस्तान से अपना पिंड छुड़ाना। उसकी बला से कि उसके पीछे कुछ भी होता रहे। अब यही हो रहा है। तालिबान को पहले भी अमेरिका लाया था और अब भी वही लाया है। अगर बाइडन प्रशासन और तालिबान में पहले से सांठगांठ नहीं होती तो क्या अमेरिकी वापसी इतनी शांतिपूर्ण ढंग से हो सकती थी ? अभी तक किसी भी अमेरिकी पर या अमेरिकी दूतावास पर कोई हमला नहीं हुआ है। कई दूतावास बंद हो गए हैं लेकिन क्या वजह है कि अमेरिकी दूतावास काबुल हवाई अड्डे पर खुल गया है ? कोई तो वजह है, जिसके चलते 5-6 हजार अमेरिकी सैनिक काबुल पहुंच गए हैं और उन पर एक भी गोली तक नहीं चली है? क्या वजह है कि राष्ट्रपति गनी ओमान होते हुए अमेरिका पहुंच रहे हैं ? क्या वजह है कि राष्ट्रपति बाइडन ने अपने संबोधन में तालिबान की ज़रा भी भर्त्सना नहीं की है।

# फिल्म टाइगर 3 में अपने करियर का सबसे बड़ा एक्शन सीन करेंगी कैटरीना कैफ




कैटरीना कैफ आखिरी बार फिल्म भारत में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग देखने को मिली। फिल्म में अपने काम से कैटरीना ने दर्शकों को खुश कर दिया। कैटरीना अब उन्हीं फिल्मों का चयन कर रही हैं, जिनमें उनके पास करने के लिए कुछ हो। टाइगर 3 में भी वह धमाल मचाने वाली हैं। खबर है कि इसमें कैटरीना अपने करियर का सबसे बड़ा एक्शन सीन फिल्माने जा रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर 3 में सलमान खान के साथ ना सिर्फ कैटरीना की केमिस्ट्री देखने को मिलेगी, बल्कि दर्शक कैटरीना को पर्दे पर खतरनाक एक्शन सीन करते भी देखेंगे। उन्होंने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निर्माताओं ने कैटरीना के लिए फिल्म में एक बड़ा एक्शन सीन प्लान किया है। इसे कैटरीना का अब तक का सबसे बड़ा एक्शन सीन बताया जा रहा है। फिल्म में वह ऐसे स्टंट करती दिखेंगी, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किए।

कैटरीना फिल्म में अपने कैरैक्टर जोया को एक स्तर और आगे बढ़ाना चाहती हैं। यह एक सोलो एक्शन सीन होगा। खास बात यह है कि यह सिर्फ कैटरीना के करियर के लिए बड़ा नहीं होगा, बल्कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में अब तक किसी भी अभिनेत्री को इतना खतरनाक स्टंट करते नहीं देखा गया है। फिल्म में कैटरीना ने सारे एक्शन सीन खुद ही किए हैं। दृश्यों को वास्तविक बनाने के लिए उन्होंने बॉडी डबल का सहारा नहीं लिया है। टाइगर फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म एक था टाइगर ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। इसके बाद 2017 में फिल्म टाइगर जिंदा है रिलीज हुई थी। यह भी सुपरहिट हुई थी। अब टाइगर 3 इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। इसका निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं। पहली दो फिल्मों की तर्ज पर उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करेगी। कैटरीना जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी कर रहे हैं। उन्हें हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत में भी देखा जाएगा। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर नजर आएंगे। कैटरीना निर्देशक अली अब्बास जफर की एक फिल्म में सुपरवुमन का रोल करती दिखेंगी। कैटरीना निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म में साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।

## आर बाल्की की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में नजर आ सकते हैं सनी देओल




पिछले दिनों यह चर्चा जोरों पर थी कि सनी देओल निर्देशक आर बाल्की की फिल्म में श्रुति हासन के साथ नजर आएंगे। इसके बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर उत्साहित हो गए थे। अब खबर है कि सनी इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन दर्शकों को निराश होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, सनी और बाल्की एक दूसरी फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मलयालम सुपरस्टार ममूटी के बेटे और अभिनेता दलकीर सलमान को लेकर आर बाल्की एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म बनाने वाले हैं। अपनी इस फिल्म के लिए उन्होंने अब सनी देओल को भी कास्ट किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म में सनी ना तो रोमांटिक अवतार में दिखेंगे और ना ही उनका एक्शन देखने को मिलेगा। इसमें सनी कभी ना देखे गए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म की कास्टिंग दर्शकों को सप्राइज देगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिस पर बाल्की काफी समय से काम कर रहे थे। अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए लॉकडाउन ने उन्हें पूरा वक्त दिया। उन्होंने फिल्म की पूरी स्क्रिप्टिंग की और इसे पूरी तरह से स्क्रीनप्ले पर भी उतार दिया। फिल्म की कहानी तैयार हुई तो आर बाल्की और उनकी टीम को लगा कि इस किरदार में दलकीर सलमान बिल्कुल फिट रहेंगे और अब उन्हें इसके लिए सनी का साथ भी मिल गया है। खबरें थीं कि सनी देओल निर्देशक आर बाल्की की एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म से जुड़ने जा रहे हैं। बताया जा रहा था कि इस फिल्म के लिए निर्देशक ने सनी को चुना है। रिपोर्टों में कहा गया था कि इस फिल्म में सनी एक पिता के किरदार में होंगे और उनकी बेटी की भूमिका श्रुति हासन निभाएंगी। फिल्म लंदन में बसे एक परिवार की कहानी होगी। खासतौर से एक माता-पिता और उनकी बेटी के बीच के संबंधों की कहानी। सनी देओल जल्द फिल्म गदर 2 में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सनी का किरदार एक बार फिर पाकिस्तान की यात्रा पर दिखेगा। हालांकि, इस बार वह अपनी प्रेमिका को वापस लाने के लिए पाकिस्तान कूच नहीं करेंगे। वह फिल्म अपने 2 को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से देओल खानदान की तीन पीढ़ियां साथ आ रही है। सनी के अलावा उनके बेटे करण, बॉबी देओल और धर्मेंद्र इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# अर्ध धनुरासनः जानिए इस योगासन के अभ्यास का तरीका, इसके लाभ और अन्य महत्वपूर्ण बातें



अर्ध धनुरासन एक ऐसा योगासन है जिसका अभ्यास करते समय आधा शरीर धनुष जैसा दिखता है और इसे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर माना जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो यह योगासन अत्यंत प्रभावी आसनों में से एक है, इसलिए आपके लिए नियमित तौर पर इसका अभ्यास करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। चलिए फिर आज हम आपको अर्ध धनुरासन के अभ्यास का तरीका और इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं।

### अर्ध धनुरासन के अभ्यास का तरीका

सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेटें और ठुड्डी और हाथों को जमीन से सटाएं। अब अपने बाएं पैर को घुटने से मोड़ते हुए पीठ के पीछे ले जाएं और इसकी एड़ी को बाएं हाथ से पकड़कर ऊपर उठाएं। फिर बाएं पैर समेत शरीर के पूरे बाएं हिस्से को अपनी क्षमतानुसार ऊपर उठाएं। इस दौरान पांच बार लंबी सांस लें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए सामान्य हो जाएं। अब इस प्रक्रिया को दाएं पैर से भी दोहराएं।

### सावधानियां

**अभ्यास के दौरान जरूर बरतें ये सावधानियां:** अगर किसी की कोहनी, पीठ, पेट, घुटने, रीढ़ की हड्डी या फिर कंधे में चोट लगी है या शरीर के अन्य किसी अंग में दर्द की समस्या है तो वह इस योगासन का अभ्यास न करे। इस आसन के अभ्यास के दौरान अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक जोर न लगाएं क्योंकि इससे चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है। अगर किसी को उच्च रक्तचाप या फिर माइग्रेन की समस्या है तो वो भी इस योगासन का अभ्यास करने से बचे।

### फायदे

**अर्ध धनुरासन का नियमित अभ्यास करने से मिलने वाले फायदे:** रोजाना अर्ध धनुरासन करने से कलाइयों, भुजाओं, पैर, कंधों, पीठ और रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। इस योगासन से पूरे शरीर की मांसपेशियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस योगासन को करने से मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द से भी कुछ हद तक राहत मिलती है। इस आसन से कूल्हे और घुटनों से संबंधित समस्याएं दूर हो जाती हैं। इस योगासन से पाचन तंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी मदद मिलती है।

### टिप्स

**अर्ध धनुरासन के अभ्यास से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स:** अगर आप पहली बार इस योगासन का अभ्यास करने वाले हैं तो ऐसा किसी प्रशिक्षक की निगरानी में ही करें क्योंकि वह आपकी उम्र, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (अगर कोई है) और क्षमता के अनुसार ही इसका अभ्यास करना सिखाएगा। इस योगासन की शुरुआत में संतुलन बनाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए तकिये का सहारा लें। इस योगासन के अभ्यास के दौरान शरीर का अत्यधिक भार सिर्फ पेट पर होता है, इसलिए इसके अभ्यास के समय कोई जल्दबाजी न करें।

# राजकुमार हिरानी की फिल्म में काम नहीं कर रहीं काजोल

पिछले कई दिनों से राजकुमार हिरानी की फिल्म चर्चा में है। यह वही फिल्म है, जिसमें शाहरुख मुख्य भूमिका में हैं। खबरें थीं कि एक बार फिर इस फिल्म के जरिए शाहरुख के साथ काजोल की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी। यहां तक कि सुनने में तो यह भी आ रहा था कि काजोल फिल्म में शाहरुख की पत्नी बनी हैं, लेकिन अब काजोल ने इन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। हिरानी की फिल्म से शाहरुख और काजोल का नाम जुड़ते ही प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं था, लेकिन अब काजोल ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, काजोल ने कहा, अब तक मुझसे ऐसी फिल्म के लिए संपर्क नहीं किया गया है। मैं ऑनलाइन स्क्रिप्ट पढ़ रही हूं और मीटिंग भी वर्चुअल कर रही हूं। अभी तक मैंने किसी भी कहानी के लिए हां नहीं की है। रिपोर्टों के मुताबिक, इस फिल्म में तापसी पन्नू और विद्या बालन भी अहम भूमिका में नजर आएंगी, वहीं, बोमन ईरानी भी एक खास किरदार में दिखाई देंगे। यह एक सोशल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसे अप्रवास और एक ऐसे शख्स पर बनाया गया है, जो अपने परिवार के साथ पंजाब के साथ कनाडा का सफर पूरा करता है। शाहरुख फिल्म में प्रवासी की भूमिका में होंगे। इस फिल्म से अभिनेता मनोज बाजपेयी का नाम भी जुड़ चुका है।

शाहरुख और काजोल की जोड़ी आज भी सिनेप्रेमियों की पसंदीदा जोड़ियों में से एक है। दोनों पहली बार 1993 में रिलीज हुई फिल्म बाजीगर में नजर आए थे। शाहरुख और काजोल के अभिनय से सजी फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। कुछ कुछ होता है और करण-अर्जुन में भी शाहरुख-काजोल की जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई। लंबे समय बाद 2015 में काजोल को शाहरुख के साथ फिल्म दिलवाले में देखा गया।

## अक्षय के साथ काम करने का फैसला बिलकुल आसान था:वाणी कपूर



वाणी कपूर इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें आगामी फिल्म बेल बॉटम में अक्षय कुमार के साथ काम करने का मौका मिला, जिसमें उनकी एक छोटी लेकिन प्रभावशाली भूमिका है। अभिनेत्री का कहना है कि फिल्म करने का फैसला तुरंत किया गया क्योंकि उन्हें अभिनेता के साथ स्क्रीन साझा करने का मौका मिला। वाणी ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि आज हिंदी सिनेमा के एक प्रतीक अक्षय कुमार सर के साथ काम करने का अवसर मिला। मैं उनके विश्वास के लिए बहुत आभारी हूं। बेल बॉटम में मेरी एक छोटी लेकिन प्रभावशाली भूमिका है, जो मुझे उम्मीद है कि दर्शकों और समीक्षकों को समान रूप से पसंद आएगी। अभिनेत्री अपनी यात्रा से रोमांचित हैं और उन्होंने अक्षय के साथ काम करने के अपने तत्काल निर्णय के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि,मैं बस रोमांचित हूं कि सिनेमा में मेरी अब तक की यात्रा ने मुझे फिल्म का हिस्सा बनने में सक्षम बनाया है और यह तथ्य है कि मैं अक्षय सर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर सकती हूं, जो जीवन से बड़े और इतने महान व्यक्ति हैं, यह निर्णय बिलकुल असान था। वाणी ने एक रहस्य भी साझा किया कि उनके पिता, शिव कपूर, अक्षय के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वह खुश थे कि अभिनेत्री को उनके साथ एक बड़ी फिल्म करने का प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि, मुझे यह भी साझा करना होगा कि मेरे पिताजी अक्षय कुमार के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वह खुश थे कि मुझे उनके साथ काम करने का अवसर मिल रहा था। मेरे पिताजी को इतना खुश देखना भी आश्चर्यजनक था कि मैं उनके साथ काम करूंगी। यह मेगास्टार जिसके काम से वह इतने लंबे समय से प्यार करते आए हैं। वह चांद के ऊपर था जब मैंने उन्हें खबर दी।

# त्वचा, बालों और आंखों के लिए काजू बहुत फायदेमंद



काजू आपकी त्वचा, बालों और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं. ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. इनमें आयरन और जिंक भरपूर होता है. एनीमिया की समस्या से राहत पाने के लिए इसका सेवन अच्छा होता है. ये विटामिन सी, जिंक, मैग्नीशियम, सेलेनियम और आयरन से भरपूर होते हैं. ये त्वचा के निखार के लिए फायदेमंद हैं. इसमें कॉपर और फास्फोरस अधिक मात्रा में होता है. ये बालों के लिए भी फायदेमंद है. आइए जानें काजू के लाभ.

ग्लोइंग त्वचा के लिए-स्वस्थ त्वचा और झुर्रियों से मुक्त होना चाहते हैं तो काजू का सेवन कर सकते हैं. काजू में मैग्नीशियम, सेलेनियम, आयरन और फास्फोरस आदि होता है. ये नट्स प्रोटीन और विटामिन से भी भरपूर होते हैं जो त्वचा की रंगत में सुधार कर सकते हैं और झुर्रियों को रोक सकते हैं.

चमकदार बालों के लिए-लंबे और चमकदार बाल लगभग हर लड़की की चाहत होती है. ऐसे में काजू आपकी मदद कर सकता है. काजू में कॉपर होता है जो बालों के विकास को बढ़ावा देता है. ये आपके बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है. काजू आपके बालों को चमकदार बाल बनाता है.

बालों के झड़ने को रोकता है-काजू पोटैशियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. ये बालों को झड़ने से रोकते हैं और बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं.

एंटी एजिंग में मदद करता है-काजू एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो आपकी त्वचा में नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देते हैं. ये आपकी त्वचा को तेजी से पुनर्जीवित करने में सक्षम बनाता है और लोच बनाए रखने में मदद करता है. रोजाना काजू खाने से भी आपके शरीर को फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद मिल सकती है.

निशान को दूर करने के लिए-त्वचा के दाग- धब्बों को दूर करने के लिए आप फैंसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो काजू इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें विटामिन सी होता है ये दाग- धब्बों को दूर करने में मदद करता है.

स्ट्रेच मार्क्स से राहत पाने के लिए-गर्भावस्था के दौरान अधिकतर महिलाओं को स्ट्रेच मार्क्स आ जाते हैं. काजू में विटामिन सी होता है. ये इस समस्या को दूर करने में मदद करता है.

आंखों के लिए-काजू ज़ेक्सैथीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है. ये हमारी आंखों को हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है.

## नई गोरी मैम ने दिखाया हुस्न का जलवा

भाभीजी घर पर है' में अपने हुस्न से सबको दीवाना बनाने वाली गोरी मेम यानि नेहा पेंडसे की इन तस्वीरों ने तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में नेहा काफी हॉट अंदाज में पोज देती नजर आ रही है। उन्होंने यहां गोल्डन कलर की डीपनेक स्ट्रिप्ड ड्रेस पहनी हुई है. उनके पोज काफी गॉर्जियस लग रहे हैं। बता दें, इससे पहले इस शो में भाभी जी का किरदार सौम्या टंडन निभा रही थीं। लेकिन कोरोना महामारी के बीच अपने बच्चे की परवरिश के लिए उन्होंने ब्रेक ले लिया। गौरतलब है कि सबसे पहले नेहा साल 1999 में आई फिल्म प्यार कोई खेल नहीं में दिखाई दी थी। उस समय नेहा मात्र 15 साल की थी। इस फिल्म के बाद नेहा दाग: द फायर, दीवाने, तुम से अच्छा कोई नहीं और देवदास में काम किया। यही नहीं 90'ह्य में वह कैप्टेन हाउस, पड़ोसन जैसे हिट शो में भी काम कर चुकी हैं बता दें, नेहा ने पिछले साल मुंबई के बिजनेसमैन शार्दुल से शादी की थी। तलाकशुदा मर्द से शादी करने के बाद उन्हें ट्रोल किया गया था। लेकिन नेहा ने कहा था कि लोग क्या कहते हैं उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है।






# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने मौ मैं पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य कहा कि भाजपा की विचारधारा जनसेवा कि हमेशा रही है इस समय चंबल और सिंध नदी के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ का प्रकोप के कारण पूरे के पूरे गांव डूब चुके हैं 7 केंद्र और राज्य सरकार बाढ़ पीड़ित परिवार जनों के लिए उनके दुख और सुख के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होकर जन सेवा भाव का कार्य कर रही हम सब कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि सेवा ही संगठन अभियान के तहत हम पीड़ित परिवारों के लिए राहत कार्यों में जुटे ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो यह उद्गार उन्होंने अपने निर्धारित एकदिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के



तहत गोहद विधानसभा क्षेत्र के मंडल मऊ में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य ने कहा इस समय कोविड-19 का प्रकोप चल रहा है सरकार अपनी विभिन्न विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पीड़ित परिवारों को लाभ दिलाएं और कांग्रेस द्वारा वैक्सीन अभियान को लेकर जनता को झूठा भ्रमित करने का काम कर रही है जिसका हम विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देकर लोगों को बात व्यक्ति लगवाने के लिए जागृत करें मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ केंद्रों को कोविड-19 से मुक्त कराने के लिए जी जान से जुटे ताकि इस लड़ाई को हम जी सके। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा राज्यसभा विधानसभाओं की कार्रवाई मैं व्यवधान डालना उनकी ओछी मानसिकता रही है उन्होंने कहा कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र के मंदिरों में हंगामा मजा कर ओछी मानसिकता को प्रदर्शित कर रहे हैं सिर्फ समाज को तोड़ने की राजनीति कर रही है कांग्रेस के नेताओं को पता है कि समाज नहीं बाटेंगे तो उनकी पार्टी का वजूद भी नहीं रहेगा। विधानसभा के मानसून सत्र में जनहित के सभी मुद्दों पर चर्चा हो सकती थी लेकिन कांग्रेस ने हो हल्ला मचा कर 2 घंटे में समेट दिया ।

### (शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लाल सिंह आर्य)

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोहद विधानसभा क्षेत्र के मंडल मऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मृतक परिवार जनों के बीच पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और वही परिवार जनों को संवेदना व्यक्त की । मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य के साथ किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रघुवीर सिंह पवैया,मौ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज, मुख्तियार सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष सरजन सिंह यादव,पूर्व जनपद अध्यक्ष मरजाद सिंह यादव प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वन-टू-वन



### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन महू के द्वारा आयोजित रक्षाबंधन स्पेशल कार्यशाला का हुआ समापन

**पुष्पांजली टुडे, इंदौर(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मध्य प्रदेश शाखा महू के द्वारा आयोजित रक्षाबंधन स्पेशल कार्यशाला का हुआ समापन।कार्यक्रम का आयोजन मध्यांचल प्रमुख श्रीमती सुमनजी मुंदड़ा के सफल मार्गदर्शन मे हुआ पांच दिवसीय कार्यशाला जिसमे 5 दिन अलग-अलग चीजें सिखाई गई।जैसे जोड़ा राखी,किड्स राखी, सौअन (श्रवण),क्रिएटिव फ्रिज मैग्नेट , थाली डेकोरेशन,क्रिएटिव 3ष्ठ गिफ्टिंग मटेरियल और हेयर स्टाइल्स आदि बनाना सिखाया गया। जूम द्वारा लगाई गई।सभी बहनों और बच्चों ने इस कार्यशाला का लाभ उठाया और कार्यशाला को सफल बनाया। कार्यशाला में होस्ट थी प्रांतीय अध्यक्ष अंशु जी गुप्ता ,संचालिका सरिता जी खंडेलवाल, प्रार्थना करुणा लोहारिया ने की।स्वागत किरण गोयल ने किया।आभार राजकुमारी अग्रवाल ने किया। हमारे साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा लाखोटिया इंदु जी सोमानी सुमन जी मूंदड़ा रूपा जी अग्रवाल नमिता जी सिंह इंदु जी गर्ग माया जी सिंहल आदि उपस्थित थे।सम्पूर्ण जानकारी मेघा जैन अग्रवाल के द्वारा उपलब्ध कराई गई।





### सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने किया नहरों का निरीक्षण

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद - भिंड जिले की गोहद सिंचाई विभाग की कनिष्ठ अभियंता सीमा त्रिपाठी एवं ग्वालियर संभाग के मुख्य अभियंता आरपी झा ने एसडीओ आनंद त्रिपाठी के साथ सिलोंहा गांव के पास से निकलने वाली नहर का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति को देखा उन्होंने बताया नेहरो में साफ सफाई का कार्य बारिश के पहले कराया जाता है जो कि कराया जा चुका है बाकी का कार्य बारिश खत्म होने के बाद कराया जाएगा वही उन्होंने कहा आगे आने वाले समय में अधिकारियों को हेड क्वार्टर पर रुकना आवश्यक है यदि वह भ्रमण नहीं कर रहे हैं और फर्जीवाड़ा करके डीजल आदि का व्यर्थ व्यय कर रहे हैं तो उनकी गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाकर और उनके कार्यों की जांच की जाएगी साथ ही गोहद कार्यालय के बाहर से निकली हुई नहर की जमीन को शासन के सुपुर्द किया जाएगा

### कांग्रेस ने जनसमस्याओं के विरोध में नगर पालिका का घेराव किया'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भिण्ड-शहर में व्याप्त जनसमस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बीटीआई कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित होकर बस स्टैंड होते हुए नगर पालिका परिषद भिण्ड का घेराव किया जहां पुलिस बल ने रोका तो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच नोकझोक हुई बाद में कांग्रेस पदाधिकारियों ने सीएमओ सुरेंद्र शर्मा को हटाने एवं शहर समस्याओं को जल्द दूर करने की नारेबाजी करते हुए नगर पालिका परिषद के परिसर में धरने पर बैठ गए संयुक्त कलेक्टर के आने पर और समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी को ज्ञापन सौंपा वहां एस डी एम भिण्ड भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर शहर में व्याप्त समस्याओं को जल्द से जल्द दूर नहीं किया गया तो आगामी दिनों में कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। प्रदर्शन और ज्ञापन देने के समय मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, रणवीर सिंह परिहार जिला पंचायत सदस्य मेहगांव, आशुतोष शर्मा ,डॉ राधेश्याम शर्मा,कल्लू सिंह भरौली,पंकज त्रिपाठी,इरशाद अहमद, चन्द्रभान परिहार,गुप्ता,श्रीमती ममता मिश्रा, जिला सचिव राहुल कुशवाह, विनोद पंडित, महामंत्री बलराम जाटव, जबर सिंह कुशवाहा,अरविंद सोनी,स्वदेश सिंह गुर्जर,अवधेश प्रजापति, अमित कुशवाह ,अमर सिंह शाक्य ,अरविंद कुशवाहा ,रामबरन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने इंदुर्खी गांव में बाढ़ से प्रभावित घरों का किया अवलोकन



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने रौन के बाढ़ प्रभावित ग्राम इदुर्खी पहुंच बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याएं सुनी। साथ ही सर्वे कार्य किस स्तर से चल रहा है इसकी भी जानकारी प्राप्त की। बाढ़ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया कि सभी बाढ़ प्रभावित परिवार को 50 किलो राशन प्रति परिवार को प्राप्त हो गया है। साथ ही क्षति के आंकलन हेतु सर्वे कार्य पश्चात सहायता राशि भी बाढ़ प्रभावित परिवारों के खातों में पहुँचना प्रारंभ हो गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम लहार आरए प्रजापति, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। बिजली व्यवस्था की स्थापना, खाद्य सामग्री की आपूर्ति, अधोसंरचना को पुनः स्थापित करने, नुकसान हुई फसलों के आकलन और गिर गए घरों के सर्वे का कार्य भी प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को आश्वस्त कर कहा कि जो गांव प्रति वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, उन्हें ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। जिन परिवारों के मकान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं उनके लिये नए आवास ऊँचे स्थानों पर ही स्वीकृत किये जाएंगे।

## खेल विभाग, मंगल दल के चयनित खिलाड़ियों को एडीएम प्रशासन ने बस में बैठाकर किया रवाना

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



एटा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक कुमार मिश्र ने सूचित किया है कि टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन लखनऊ में 19 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। आयोजित सम्मान समारोह में शासन द्वारा जनपद एटा के खेल विभाग व मंगल दल के चयनित खिलाड़ियों को भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीएम ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने हेतु जनपद से 75 खिलाड़ी (50 पुरुष 25 महिला) तथा 50 युवक मंगल दल/महिला मंगल दल के सदस्यों को चयन कर भेजा जा रहा है। उन्होंने समस्त खिलाड़ियों को प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी अबुल कलाम, प्रभारी डीओपीआरडी निर्मल कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में बस में बिठा कर लंच पैकेट एवं पानी की बोतल देकर लखनऊ के लिए रवाना किया। लखनऊ में इन समस्त खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस के साथ 2-2 प्रभारी अधिकारी लगाए गए हैं और सुरक्षा के लिए 2-2 पुलिस कांस्टेबल को बस के साथ भेजा जा रहा है।



### भामाशाह रामलाल सैणचा ने 15 हजार रूपए का गुड गौमाता को खिलाकर मनाया जन्मदिन

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**

पाली :- निकटवर्ती गांव रामपुरा के निवासी दानवीर समाज के साक्षात कर्मवीर स्थम्भ एवं भामाशाह रामलाल सेणचा साहब ने अपने 74वें जन्म दिवस पर उनके पेतृक गांव स्थित प्रभु प्रेमी गौशाला रामपुरा पहुंच कर गौमाता को पंद्रह हजार रुपये का गुड़ खरीद गौमाता को खिलाकर मनाया अपना जन्मदिन, इस मौके पर समाज सेवक रामलाल सैणचा के साथ रामपुरा सरपंच साहिबा पति अमराराम आगलेचा, ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हारे के सहारे श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से निरंतर जारी है सेवा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

सेवढ़ा / हारे के सहारे श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से बाढ़ पीड़ितों एवं साधु संतों के लिए निरंतर जारी है सेवा आज संकुआ धाम पर हरे के सहारे श्याम बाबा परिवार सेवड़ा प्रमुख श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में सेवड़ा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संतों को कंबल बांटे आपको बता दें कि समाजसेवी श्याम ठाकुर ने बताया कि कबीर आश्रम संकुआ धाम पर आज हम सुबह जब टहलने गए तो वहां पर एक बाबा टेंट का फर्स ओढ़े हुए थे और उनके आश्रम के सभी कमरे वगैरह सब कुछ गिर गए हैं उनके पास कुछ भी नहीं बचा है तो हमें देख कर मन में असहनीय पीड़ा हुई इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने संतो महंतों को कंबल वितरित किए आपको बता दें कि हारे के सहारे श्याम परिवार की ओर से बाड़ से प्रभावित लोगो के लिए निरंतर 15 दिन से



सेवा कार्य किया जा रहा है वही पिछले 9 दिनों तक चौबीसों घंटे भंडारा लंगर का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व सेवड़ा मंडी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत बंटी भैया के मार्गदर्शन एवं समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में किया गया और वही बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने दतिया प्रभारी मंत्री सुरेश धाकड़ को सेवड़ा बुलाया और बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भी वितरित करवाए आपको बता दें कि समाज सेवा के कार्य में समाजसेवी श्यामू ठाकुर निरंतर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं चाहे वह संतों की सेवा करना हो चाहे बाढ़ पीड़ितों की मदद करना हो चाहे बेजुबान जानवरों को खाना खिलाना हो या बच्चों को प्यार हो गया बूढ़ों का आशीर्वाद लेना हो जो भी है श्यामू ठाकुर सब कुछ लेते हैं इसी के चलते बड़े-बड़े मंचों से बड़े-बड़े केंद्रीय मंत्री प्रदेश के मंत्री कलेक्टर एसपी व कई प्रशासनिक अधिकारी पत्रकार बंधु सभी सम्मानीय लोग बड़े-बड़े मंचों से भी श्यामू ठाकुर का नाम लेते हैं और उनकी इस कार्य के लिए सराहना करते हैं समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने बताया कि यह सेवा का कार्य ईश्वर की कृपा से निरंतर चलाते आ रहे हैं और निरंतर आगे भी चलता रहेगा उन्होंने कहा कि हमारा समाज सेवा करने में कोई स्वार्थ नहीं है यह तो सब ईश्वर का ध्यान है ईश्वर की मर्जी है और उसी के आवाहन पर हम मानस जन साधु संतों एवं बेजुबान जानवरों को खिलाते हैं यह सब ईश्वर की कृपा है। और उसी की देन है।

# पाली जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

**नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे**

पाली भारतीय जनता पार्टी पाली सशक्त मंडल अभियान सक्रिय बूथ समिति पन्ना प्रमुख की नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर एक कार्यशाला का आयोजन किसान केसरी भवन में किया गया जिसने कार्यशाला प्रभारी रानीवाड़ा विधायक नारायण सिंह देवल सांसद पीपी चौधरी पूर्व सांसद पुष्प जैन जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व विधायक केसाराम चौधरी पाली नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी सोजत नगर पालिका सभापति मंजू जुगल निकुंभ पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल मारवाड़ प्रधान मगलाराम देवासी जिला पदाधिकारी जिला महामंत्री सुनील भंडारी मोहन जाट घीसुलाल मेघवाल जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी नारायण कुमावत महावीर सिंह टेवाली प्यारी देवी लक्ष्मी सीरवी जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी किसान नेता भवर चौधरी आईटी सेल जिला संयोजक मुकेश नाबरिया आशीष तिवारी मोर्चा अध्यक्ष किसान मोर्चा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड़ ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हेमंत गादाना युवा मोर्चा अध्यक्ष कन्यालाल ओझा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अजीत कोहिनूर मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा नरपत दवे मुकेश नाहर सहित भारतीय जनता पार्टी के जिले के सभी मंडल अध्यक्ष तथा मंडल प्रभारी तथा मंडल प्रवास प्रभारी की मीटिंग जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया की कार्यक्रम प्रभारी नारायणसिह देवल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी अपेक्षित पदाधिकारी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी सशक्त मंडल सक्रिय बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख की नियुक्ति अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक प्रथम अभियान की समय अवधि के तहत प्रथम चरण में सशक्त मंडल अभियान अगस्त माह तक पूरा करने तथा द्वितीय चरण में सक्रिय बूत समिति अभियान नवंबर 2021 तक पूरा कर तथा अतिम चरण में पन्ना प्रमुख नियुक्ति अभियान फरवरी 2022 तक पूरा करने का योजनाबद्ध तरीके से सभी को टारगेट अपने अपने मंडल में प्रवास कर एक परफॉर्मा के तहत कार्य करने के निर्देश दिए सभी प्रभारियों को निर्देश दिए कि मंडल परिचमन लोकसभा व विधानसभा के बूथ अनुसार होना चाहिए तथा एक मंडल में लगभग



50 बुथ होंगे भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मंडल का नक्शा तैयार करना तथा उसके शक्ति केंद्र की व्यवस्थित क्रमांक अंकित करना मंडल में कितने शक्ति केंद्र हैं और कितने बुथ हैं प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक बूथ के पन्ना प्रमुख तक नियुक्त करना नगर पालिका को भी एक मंडल माना गया नगर निगम नगर परिषद बुथो को एक मंडल होगा ग्राम पंचायत / मैं एक शक्ति केंद्र में पांच से सात बूथ होंगे सभी बुथ की मंडल कार्यकारिणी तथा सभी बूथ की कार्यकारिणी बनानी सभी मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी गठन मोर्चा सरचना योजना अनुसार होना चाहिए शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति के अंदर का निवासी होगा शक्ति केंद्र संयोजक भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता शक्ति केंद्र संयोजक की उम्र 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए सभी कार्य निश्चित समय अवधि में पूरे हो इस पर सशक्त मंडल अभियान 15 अगस्त से 30 अगस्त तक सक्रिय बूथ समिति अभियान 15 नवंबर से 30 नवंबर तक तथा पन्ना प्रमुख भौतिक सत्यापन अभियान फरवरी 2022 तक पूरा करने का निर्देश दिया पार्टी आगामी पार्टी निर्देश अनुसार समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित होगी उसमें पात्र व्यक्ति भाग लेंगे आगामी समय में विधानसभा प्रवासी कार्यशाला मंडल प्रवासी कार्यशाला अल्पकालीन विस्तारक कार्यशाला शक्ति केंद्र प्रवासी कार्यशाला का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा जिलाध्यक्ष मंसाराम जी परमार ने कहा कि पिछड़ी कार्यक्रम बाद जनता पार्टी पाली जिले में समय अवधि में पूरे होंगे मंडल अध्यक्षों तथा मंडल प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी के सभी पुराने नए तथा सभी मोर्चा का आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए कार्य में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व देकर पार्टी के साथ जोड़ने तथा पार्टी का सक्रिय कार्य करने में प्रमुख भूमिका होगी प्रवासी कार्यक्रम को सांसद पीपी चौधरी पूर्व सांसद पुष्प जैन विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व विधायक केसाराम चौधरी ने भी संबोधित किया ।

# प्रशासन नही सुन रहा, मर जाये का साहिब

## घरों में दो सप्ताह से भरा पानी, प्रशासन नही ले रहा कोई सुध, प्रशासन की अनदेखी से दलदल में रहने को मजबूर ग्रामीण, दबंग लोग नही निकलने दे रहे बरसात का पानी





**अर्पित गुप्ता, पुष्पांजली टुडे**

दबोह / प्रशासन नही सुन रहा,मर जाये का साहिब,यह बात पानी भर जाने की समस्या से जूझ रहे पीड़ित व्यक्तियों ने कही।एक तरफ मध्यप्रदेश शासन बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो में युद्ध स्तर से काम करने मे लगा हुआ है तो वही स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अपेक्षा के चलते आज भी कई लोग ऐसे है जो दलदल में रहने के लिए मजबूर है मामला भिंड जिले कस्बा दबोह से लगभग आठ-दस किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मुरावली का है जहाँ बीते रोज हुयी बारिश के दौरान जलभराव हो गया था जिसके कारण ग्राम मुरावली पुल के समीप रहने बाले दो ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया था उक्त पानी को निकलवाने के लिए प्रशासन के द्वारा आज दिन तक कोई प्रयास नही किया गया इस जल भराव के निकासी के रास्ते को कुछ दबंग लोगो ने बंद कर रखा है जिनके आगे आज शासन प्रशासन के नुमाइंदे भी नतमस्तक होते हुए नजर आ रहे है साथ ही बता दे कि यदि पुनः बरसात हुई तो यह मकान पूर्णता डूब में आ जायेंगे जिससे जन धन की हानि होने की प्रबल सम्भवना है।

### जलभराव के कारण ढह गया गरीब किसान का मकान

ग्राम मुरावली में जिस जगह जलभराव हुआ है उक्त स्थल पर पानी की निकासी न होने के कारण पानी का स्तर कुछ इतना बढ़ गया है कि पानी लोगो के घर के अंदर के जाने के साथ-साथ घरों को चारों ओर से घेरे हुए है जिसके कारण एक ग्रामीण का माकन भी ढह गया परंतु फिर भी प्रशासन के द्वारा उक्त पानी को निलवाने की कोई व्यवस्था नही की गयी यह तो गनीमत हुई कि जिस वक्त मेरा मकान धराशाई हुआ उस समय परिवार का कोई सदस्य मकान में नही था।

### बेघर ग्रामीण बोले सचिव, पटवारी और आर.आई से पानी निकलवाने की लगा चुके गुहार, फिर भी कोई नही सुनने को तैयार

मुरावली निवासी हीरालाल कुशवाह ने बताया कि हमारे घरो के अंदर एवं घरों के चारो ओर लगभग दो सप्ताह से पानी भरा हुआ है जिसके कारण हम लोगो अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा पहले यहाँ पानी निकलने के लिए जगह थी परंतु कुछ लोगो उक्त जगह को बंद कर दिया है और वह उसे खोलने भी नही दे रहे है जिसके कर हमारे घरों में पानी भर गया उक्त समस्या से हम लोगो के द्वारा कई बार ग्रामपंचायत सचिव,हल्का पटवारी एवं असवार वृत्य के क्षेत्रीय आर.आई.को अवगत करा दिया है परंतु कोई भी प्रशासनिक कर्मचारी हमारी बात सुनकर पानी निकलवाने को तैयार नही है।

### इनका कहना

1-आप जानकारी भेज दीजिएगा हम समस्या को दिखवाते हैं।

**सतीश कुमार एस, भिण्ड कलेक्टर**

2-हमारी ड्यूटी बाढ़ पीड़ित क्षेत्रो में लगी है।मुरावली पंचायत को अवगत कराते हैं।

**आर ए प्रजापति, एसडीएम लहार**

## वन-टू-वन



### खोड ग्रामीणों ने डिस्कॉम के विरुद्ध लगाए नारे जताया रोष

#### डिस्कॉम की कार्यप्रणाली को लेकर जताया रोष ग्रामीणों ने डिस्कॉम के विरुद्ध लगाए नारे जताया रोष

**नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे**

पली। रानी उपखंड के खोड गांव में बुधवार को ग्रामीणों का डिस्कॉम की कार्यप्रणाली को लेकर गुस्सा फूट पड़ा। जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डिस्कॉम के विरुद्ध प्रदर्शन कर रोष जताया। किरवा एवम् खोड के ग्रामीणों ने डिस्कॉम विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज़ होते खोड जी एस एस पर एकत्रित होकर विद्युत विभाग के प्रति भारी नाराजगी जताते हुए कहां की जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा ।तब तक बिजली के बिल नहीं भरेंगे।ग्रामीणों का कहना था कि पिछले लंबे समय से गांव में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही हैं। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहते हैं। बार-बार बिजली गुल रहने से पंखे कूलर व बिजली चालित यंत्र प्रभावित हो रहे हैं। कोराना काल में आमजन आर्थिक रूप से कमजोर हुआ है ।इसके बावजूद विद्युत विभाग द्वारा भारी भरकम राशि के बिल थमाए जा रहे हैं। डिस्कॉम विभाग द्वारा बार-बार मनमानी से अवैध रूप से वसूल किए जा रहे विद्युत बिलों को लेकर किरवा खोड के ग्रामीणों ने जीएसएस पर भारी विरोध किया। इस मौके पर खोड ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच रूपेश दाधीच । खोड ग्राम पंचायत उप सरपंच मालम सिंह। किरवा ग्राम पंचायत उप सरपंच प्रभु राम मीणा। किरवा समाजसेवी मगाराम चौधरी। सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य करवाया राजोला गांव मे

**पुष्पाजंली टुडे**

पाली :-ग्राम पंचायत राजोला कला के अंतर्गत राजोला से नापावास के बीच में 200 मीटर के गैप में रोड करीब 20 साल से क्षतिग्रस्त थी बहुत बड़े गडडे थे बारिश के दिनों में घुटनों तक पानी भर जाता था लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी आमजन इस रास्ते से गुजरते थे तो मोटरसाइकिल से नीचे गिर जाते थे साइकिल से नीचे गिर जाते थे बहुत परेशानियां थी तो समाजसेवी लक्ष्मण सिलू ने देखा और इस काम को करने का जिम्मा उठाया और आगे आकर बढ़-चढ़कर इस काम को बखूबी निभाया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ बना पैसे कमाने के अड्डा

# स्टाफ नर्स द्वारा की जा रही है अवैध वसूली

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ पर स्टाफ नर्सो की नहीं रुक रही अवैधवसूली

**संजय तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



आगरा । खेरागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरागढ़ पर प्रसूता के पति के साथ स्टाफ नर्स अम्बेश जाटव एवं उस के पति ( एक्सरे टेक्नीशियन ) ने अभद्रता की ओर पुलिस बुलाने की धमकी भी दी । जब हमने स्वयं महिला वार्ड में भर्ती महिलाओं एवं उनके परिवारजनों से बात की तो सामने आया कि प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं एवं परिजनों से एक हजार रुपये तक स्टाफ नर्स द्वारा लिए जा रहे हैं

प्रसूता राखी पत्नी राघवेंद्र निवासी नगला दूल्हे खां सुबह तकरीब 9 बजे खेरागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आई सुबह 12 बजे लड़का हुआ , राखी की सास नीलेश से स्टाफ नर्स ने 1100 रुपये लिए वहीं सफाई कर्मी ने 200 लिए यह अवैध वसूली का खेल सरेआम मिलीभगत से चल रहा है जिस पर ष्टस्ह आगरा चुप्पी साधे हुए हैं।

जिससे परिजनों में काफी आक्रोश दिखा, भर्ती महिला प्रसूता एवं परिजनों ने स्टाफ नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बताया कि दवाइयां हाथ के दस्ताने एवं धागे जैसी सामग्री बाजार से लाने को मजबूर है, जबकि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जननी शिशु सुरक्षा योजना जैसी जनकल्याणर्थ योजनाओं के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं एवं आदि सामग्री का निशुल्क प्रावधान है ,प्रसूता को मिलने वाला पुष्टाहार के नाम पर जो बजट आता है उसका भी बंदरबांट किया जा रहा है । वही महिला वार्ड में गन्दगी का आलम भी पाया गया । यह घटनाओं की पुनरावृत्ति चिकित्सा अधीक्षक वी के सोनी के अयोग्य प्रबंधन व लापरवाही के साथ संवेदनहीनता को प्रमाणित करती है।अवैध वसूली व अभद्रता के आरोप स्टाफ नर्सो पर पहले भी लगे हैं जिनमें नवजात शिशुओं की मौत व प्रसूता को गुस्से में गलत इंजेक्शन लगाने से हाथ खराब होना ।जब चिकित्सा अधीक्षक से संबंधित घटना के बारे मे पूछा तो दोषियों को बचाते हुए गोल मोल जबाव दिया ।

हॉस्पिटल का आर ओ खराब पड़ा हुआ है पानी की कोई सुविधा नहीं और जो महेश गोयल द्वारा लगाया गया है और एसी महिला वार्ड का खराब पड़ा है वह भी महेश गोयल द्वारा लगाया गया है , लेकिन इनको सही करवाने की जरूरत ष्ठाह्र ने समझी।

## सनातन रक्षा दल के प्रदेश संगठन मंत्री भरत राजोरिया के नेतृत्व में नगर में घूम रही आवारा गौवंश के लिए शासकीय भूमि चिन्हित कर देने



**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़। इंदरगढ़ नायब तहसीलदार दीपक यादव को सौंपा ज्ञापन,ज्ञापन में सनातन रक्षा दल ने नगर में खाली पड़ी भूमि को आवारा गौवंश को रहने एवं मृत गौवंश को दफनाने हेतु भूमि देने कीमांग की है,जिससे सड़क पर वेठी आवारा गौवंश की भारी वाहन से कुचल कर मौत ना हो और मृत गौवंश के शरीर को जानवर क्षित बिक्षित ना कर सके,ज्ञापन सौंपने वालो में सनातन रक्षा दल के युवा जिला अध्यक्ष अमन मिश्रा, जिला महासचिव आनंद यादव, तहसील अध्यक्ष गुप्ता, तहसील उपाध्यक्ष विनोद यादव, नवीन कुशवाहा, जैकी यादव,रानू यादव, अंकुश, अंकित झा सुरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता पुष्पेंद्र यादव, सत्यम ठाकुर, निक्की पंडित, अभिषेक शर्मा, गौरव शर्मा, संजू राजोरिया, विष्णु पाठक पुरोहित, वीर सिंह कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी विवेक सेन आदि सनातन रक्षा दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आदिवासी बाहुल्य आजनिया फली मे तीसरी बार लगाया बिजली ट्रासंफार्मर ग्रामीणो ने ब्लाक अध्यक्ष , समाज सेवक , लाईनमैन का जताया आभार

**पुष्पाजंली टुडे**



पाली -बाली उपखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत काकराडी सांभरवाडा गांव आजनिया फली मे बिजली विभाग ने तीसरी बार ट्रासंफार्मर लगाकर लोगो को अंधेरे से उजाले मे कर दिया । वही अरडवा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश गरासिया व पुर्व वाडपंच नेकाराम के लगातार प्रर्यास से आजनिया को उजाले मे किया।25 कनेक्सन पर दो बार विभाग ने ट्रासंफार्मर लगाया लेकिन दो ही बार एक दिन बिजली चली ओर जल गया।फिर भी विभाग व ग्रामीणो ने हिम्मत नही हारी ओर तीसरी बार फिर ट्रासंफार्मर लगाया अब बिजली सफ्लाई चालु है।आजनिया फली के लोगो ने निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष व सरपंच कैलाश गरासिया रामपुरा व समाज सेवक मुकेश गरासिया तथा काकराडी लाईनमैन विसानसिंह का आभार जताया।

# भावरी सरपंच सुनीता त्रिवेदी के सानिध्य में पर्यावरण अभियान के तहत पोधाशाला का किया शुभारंभ

**नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे**

पाली / निकटवर्ती ग्राम भावरी हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पोधाशाला में वृक्षारोपण महाअभियान 2021 का शुभारंभ किया गया। । महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत बा बापू वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी महोदय लाल चौधरी के सानिध्य में किया गया। हरियाली भावरी मुहिम के अंतर्गत राजकीय विद्यालय परिसर। ग्राम पंचायत। धार्मिक स्थल। गवाही तालाब। एवं नर्सरी सहित अलग-अलग स्थानों पर 500 वृक्ष लगाए जाएंगे।

सरपंच सुनीता त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश भर में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है । इसी संदर्भ में भावरी ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण जाएगा।पोधाशाला में आयुर्वेदिक औषधि पौधे लगाए जाएंगे। वृक्ष ही हमारी मुख्य जान हैं और इनकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। । विकास अधिकारी पाली मोहनलाल चौधरी ने बताया कि वृक्ष का महत्व के बारे में वर्णन तो नहीं कर सकते लेकिन प्रकृति वृक्ष के ऊपर ही निर्भर हैं। वृक्षारोपण करने से हम ऑक्सीजन की कमी को पूरा नहीं कर सकते लेकिन वृक्षों को हम लगा सकते हैं । पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझते हुए प्रतिवर्ष एक व्यक्ति एक वृक्ष को लगा ले तो आने वाले समय में ऑक्सीजन की कमी महसूस नहीं होंगी। और प्रकृति के साथ खिलवाड़ भी नहीं होगी। । ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र खंडेलवाल ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक जोर देना होगा। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है। हम सबको इस पुनीत कार्य में सहयोग करना होगा। वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है। वृक्षारोपण महाअभियान 2021 वृक्षारोपण के साथ पौधा शाला का उद्घाटन किया गया।




इस अवसर पर पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहन लाल चौधरी ।पाली पंचायत समिति प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ।अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरालाल। प्रधानाचार्य नंदलाल बरोलिया। सरपंच सुनीता त्रिवेदी ।ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र खंडेलवाल। कनिष्ठ सहायक भागीरथ देवासी। पंचायत सहायक ओम प्रकाश गर्ग। पंचायत सहायक प्रभु राम परिहार ।पंचायत सहायक जालम सिंह राजपुरोहित। एएनएम श्यामा कुमारी । ओ ए सुधीर कुमार सिंह। आंगनवाड़ी कार्मिक पुष्पकांता। रानी जोशी। शांति परिहार। साहिका फैंसी उषा। संतोष ।आशा सहयोगिनी कंचन। पिंकी गर्ग ।वार्ड पंच हसाराम। सुखी देवी। तारा देवी। रेखा देवी। भुडाराम आदि सहित गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो की गौतस्करों पर दुसरी बड़ी कार्रवाई

# कत्लखाने ले जाए जा रहे 115 गौवंश को कराया मुक्त

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट जिले के ग्रामीण क्षेत्र धीरे धीरे गौ तस्करी का गढ़ बनते जा रहा है, आए दिन गौ सुरक्षा समिति और पुलिस के द्वारा कत्लखानो में जा रहे गोवंश को पकड़ते हैं। तथा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हैं। पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही करने के बावजूद गौ तस्करी लांजी क्षेत्र से कम नहीं हो पा रही है। मंगलवार 17 अगस्त को गौ सुरक्षा समिति की मदद से लांजी पुलिस और सुलसूली चौकी के पुलिस जवानों ने मिलकर गौ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें करीब 115 गौवंश को क़त्ल खानों में जाने से बचाया गया तथा 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी में बता दे कि पुलिस को गौ सुरक्षा समिति से जानकारी प्राप्त हुई की ग्राम बगदेही में करीब डेढ़ सौ से ज्यादा पशु को मंगलवार के दिन जंगलों के रास्ते महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जाने वाले है। गौ सुरक्षा समिति से जानकारी लगते ही लांजी पुलिस ने अपने जवानों की एक टीम बनाई तथा यह सूचना सुलसुली चौकी प्रभारी विजय देवड़ा को जानकारी दी गई, जिनके द्वारा भी पुलिस जवानों की टीम बनाकर बगदेही के जंगलों में घेराबंदी कर कत्लखानों में जा रहे गौवंश को पकड़ा गया, जिस दौरान तीन आरोपी भागने में सफल हुए एवं 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जंगल से जप्त की गई गौवंश को लांजी थाना लाया गया जहां उनका चिकित्सीय उपचार करने के बाद वारासिवनी गौशाला भेज दिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिशेध अधिनियम की समुचित धारा 4, 6, 2 और 11 घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की बात कही है। उक्त कार्यवाही में गौ सुरक्षा समिति से गौरव बैंस, राकेश रामटेक्कर लांजी पुलिस से रागविरेंद्र टेकाम, सुनील वर्मा, विजय सिसोदिया, दिनेश लिल्हारे, सुलसुली चौकी के कमलेश पंचेश्वर, मंगेश धुर्वे, सचिन बुंदेला, दिनेश काकोदिया, गोपाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।



### 115 गौवंशो को कत्लखाने में जाने से बचाया

मंगलवार को लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो एवं थाना पुलिस, सुलसुली पुलिस एवं गौ सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों की मदद से 115 गौवंश को कत्लखाने में जाने से बचाया गया। जिन्हे लांजी थाना परिसर लाया गया। 115 गौवंश में 47 गाय, 45 बछड़े, 20 बछिया, 3 बैल शामिल है। उक्त गौवंश को आज चिकित्सीय उपचार के उपरांत वारासिवनी गौशाला भेज दिया जायेगा। इसके पुर्व भी लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के द्वारा लगभग 250 जानवरों को कोसमारा के जंगल से गौतस्करों से मुक्त कर कार्रवाई की गई थी। एक ओर देखा जाए तो बगदेही धीरे धीरे गौतस्करों का गढ़ बनते जा रहा है, ऐसे में इन पर अंकुश लगाने लांजी पुलिस क्या कार्रवाई करती है यह इंतजार का विषय है।

### चिकित्सीय जांच होने के उपरांत वारासिवनी गौशाला भेजा जाएगा - दुर्गेश आर्मो, एसडीओपी लांजी

मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे करीब लांजी थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे को मुखबीर से सुचना प्रप्त हुई कि करीब डेढ़ सौ से ज्यादा गौवंश को ग्राम बगदेही से जंगलों के रास्ते से महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जाने वाला है, मुखबिर की इस सूचना पर रजनीकांत दुबे के द्वारा सुलासुली चौकी प्रभारी विजय देवड़ा को अवगत कराया जिनके द्वारा 5 पुलिस जवानों की टीम बनाकर तथा लांजी थाना से टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने के भेजा गया। जहां पुलिस के द्वारा करीब 115 की संख्या में गौवंश को घेराबंदी करके पकड़ा गया। इस दौरान जंगल में एक व्यक्ति से पूछा गया कि यह गौवंश किसके है जिसमे बताया कि यह गोवंश मिन्नत कुरैशी तथा तौसीफ की है जो इन गौ वंशो को जंगल के रास्ते महाराष्ट्र के क़त्लखानों में ले जाने वाले थे। इन गोवंश को सुलसुली चौकी प्रभारी विजय देवड़ा और थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे की संयुक्त कार्यवाही कर लांजी थाने में लाया है तथा इनकी चिकित्सीय जांच होने के उपरांत वारासिवनी गौशाला भेजा जाएगा। उक्त मामले में पुलिस ने 4 आरोपी जिसमे राजा उर्फ कोटे पिता राजकुमार गोंड निवासी ग्राम बगदेही, भुरू उर्फ ठाकुर मडावी पिता विक्रम मडावी निवासी ग्राम बगदेही, तौशीफ मुसलमान लांजी, मिन्नत मुसलमान लांजी के विरुद्ध मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की समुचित धारा 4, 6, 2 और 11 घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई वहीं 1 आरोपी राजा उर्फ कोटे को गिरफ्तार किया गया।

# उद्यमी बालाघाट जिले में अधिक से अधिक निवेश करें, हम सुविधायें देंगें : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## टाइगर सिटी बालाघाट में बांस, एथेनाल, मैंगनीज एवं राईस मिल के लिए 4500 करोड़ रुपये के निवेश से उद्योग होंगे स्थापित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश की टाइगर सिटी के नाम से मशहूर बालाघाट जिले को प्रकृति ने जल, खनिज एवं वन संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराया है। बालाघाट जिले में प्रदेश का सर्वाधिक धान पैदा होता है। इस जिले में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित उद्योग लगाने एवं उनमें निवेश की अच्छी संभावना है। इससे यह जिला तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। उद्यमी यहां पर आयें और उद्योग लगाने के लिए अधिक से अधिक राशि का निवेश करें। उद्यमियों को हम सारी सुविधायें उपलब्ध करायेंगें। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज 18 अगस्त को बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टसर्स मीट में उपस्थित उद्यमियों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान इस इन्वेटर्स मीट में वर्चुअली शामिल हुए थे।

बालाघाट जिले में नये उद्योग लगाने एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के मकसद से आज 18 अगस्त को शुभारंभ लान नवेगांव-बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव एवं आयुष मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, कलेक्टर श्री दीपक आर्य, अपर कलेक्टर श्री विवेक कुमार, मायल के सीएमडी श्री मुकुंद चौधरी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं पंश्चिम बंगाल के उद्यमी उपस्थित थे। इस इन्वेस्टर्स मीट में उद्यमियों से जिले में निवेश को लेकर एवं उन्हें शासन से मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग, कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव द्वारा धान की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसके अलावा मत्स्योद्योग, मैंगनीज आधारित उत्पादों, वन उत्पाद एवं हाथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्चुअली इन्वेस्टर्स मीट में उपस्थित उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में प्रचुर मात्रा में बांस पाया जाता है। अब तो नीजी भूमि पर भी बांस की खेती की जा रही है। यहां पर बांस से जुड़े उद्यम भी लगाये जा सकते है। बालाघाट जिले में सुगंधित एवं अच्छी गुणवत्ता का चावल भी होता है। इस जिले में राईस मिल उद्योग के लिए भी अच्छी संभावनायें है। यह जिला अब बाघ (टाईगर) के नाम से भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस जिले में पर्यटन के क्षेत्र में उद्योग लगाये जा सकते है। हमारी सरकार की मंशा है कि बालाघाट जिला निरंतर आगे बढ़े और तरक्की करें। इसके लिए हमारी सरकार बालाघाट जिले में उद्योग लगाने एवं निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों को हर संभव मदद करेगी। आज बालाघाट जिले में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन कर अच्छी पहल की गई है। यह इन्वेस्टर्स मीट बालाघाट जिले के विकास के मामले में मील का पत्थर साबित होगी।

मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने इस अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीति के कारण मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर अब विकसित राज्य में आ गया है। प्रदेश सरकार उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने नई नीतियां बना रही है। बालाघाट जिले में उद्यमियों ने बांस, एथेनाल, मैंगनीज एवं राईस मिल उद्योग लगाने के लिए प्रस्ताव दिये है। जिले में इन उद्योगों के लगने से यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बालाघाट में आयोजित इस इन्वेस्टर्स मीट का प्रदेश एवं देश के उद्यमियों को संदेश है कि, बालाघाट आईये और यहां पर निवेश करिये। उन्होंने बालाघाट जिले में एथेनाल उद्योग के लिए मिले प्रस्तावों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भोपाल में भी शीघ्र ही ऐथेनाल उद्योग के लिए प्रदेश स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जायेगा।

### युवाओं को रोजगार मिलेगा - आयुष मंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कावरे

मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे ने इस अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बालाघाट जिले के लिए गौरव का दिन है। प्रदेश शासन की नीतियों के तहत उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस जिले में मैंगनीज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। मैगनीज आधारित उद्योग लगने से यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले में एक उत्पाद योजना के अंतर्गत चिन्नौर की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सांसद डॉ ढांलसिंह बिसेन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बालाघाट जिले में अधोसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है। इससे उद्यमियों को बहुत मदद मिलेगी। बालाघाट एवं तिरोड़ी में रैक पाईट बन गया है। इससे स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों के लिए लाभ होगा। विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जिले में उपलब्ध खनिज, वन एवं राईस पर आधारित उद्योगों के लगने से इस जिले के विकास को गति मिलेगी और यह जिला तेजी से विकास करेगा।

### फैरो एलाय का हब बनेगा बालाघाट जिला

बालाघाट जिला अब फैरो एलाय का हब बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। इन्वेस्टर्स मीट में लगभग 2200 करोड़ रुपये का निवेश फैरो एलाय उद्यम में करने के लिए उद्यमियों ने प्रस्ताव दिया है। इन उद्योगों के प्रारंभ होने पर बालाघाट जिला फैरो एलाय का सबसे बड़ा उत्पादक बन जायेगा। फैरो एलाय के लिए श्री अमर अग्रवाल ने 133 करोड़ रुपये, रायपुर के श्री निकेत खंडेलवाल ने 155 करोड़, रायपुर के उमंग जुनेजा ने 150 करोड़ रुपये, रायगढ़ के श्री संदी डे ने 225 करोड़ रुपये, वर्धमान पंश्चिम बंगाल के श्री तेजपाल सिंह ने 112 करोड़ रुपये, श्री विपिन अग्रवाल ने 110 करोड़ रुपये, श्री संदीप गोयनका ने 112 करोड़ रुपये, श्री अजय खंडेलवाल ने 190 करोड़ रुपये, श्री हर्ष त्रिवेदी ने 269 करोड़ रुपये, श्री तपन खंडेलवाल ने 111 करोड़ रुपये, श्री शंकर केवलानी ने 100 करोड़ रुपये, श्री पार्थ सिंघल ने 126 करोड़ रुपये, श्री विनय कुमार राधेश्याम बाटड़ ने 105 करोड़ रुपये का उद्यम लगाने के लिए सहमति दी है। इस मीट में एथेनाल बायोफ्यूल के लिए श्री सी एस तिवारी ने 800 करोड़ रुपये, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह भोपाल ने 212 करोड़ रुपये, आयुषी जैन ने 800 करोड़ रुपये, सुगर मिल के लिए श्री सम्राट सिंह सरस्वार ने 125 करोड़ रुपये, केमिकल उत्पादन के लिए श्री अंकित अग्रवाल ने 200 करोड़ रुपये, स्टील एवं उसके उत्पाद के लिए श्री बालकृष्णा सिंह ने 120 करोड़ रुपये का उद्यम लगाने की सहमति दी है। इसके अलावा 32 अन्य उद्यमियों ने 280 करोड़ रुपये के लघु उद्यम लगाने के प्रस्ताव दिये है।

मायल के सीएमडी श्री मुकुंद चौधरी ने फैरो एलाय उद्यम के लिए जिले में उपलब्ध मैगनीज उद्यमियों को सुगमता से प्रदाय किया जा सके इसके लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बालाघाट जिले के ग्राम बोडुन्दाकला में 305 एकड़ उद्योगों के लिए चिन्हित की गई है और शासन द्वारा यहां पर 52 एकड़ जमीन 220 केव्ही का विद्युत उपकेन्द्र बनाने के लिए आबंटित कर दी है। यहां पर विद्युत उपकेन्द्र का काम शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है।

## वन-टू-वन

### आईएम ए ग्वालियर शाखा के चुनाव 20 अगस्त को

**ग्वालियर ।** आई एम ए ग्वालियर की कार्यकारणी के वार्षिक चुनाक दिनांक 20 अगस्त 2021 को सुबह 10 बजे से शाम को 5 बजे तक शोभी घाट लेक्चर थिएटर जेएएच मैं सम्पन किये जा रहे है। चुनाव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर आर के एस धाकड़ व सदस्य डॉक्टर अजय उपाध्याय व डॉक्टर आर डी दत्त ने बताया के चुनाव केवल दो ही पदों के लिए होने जा रहे है ।अध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर कुसुमलता सिंघल व डॉक्टर प्रियंवदा भसीन से बीच सीधा मुकाबला है ।उपद्यक्ष पद के लिए तीन पोस्ट पर चार प्रत्यासी मैदान मे है यह है डॉक्टर सुनील शर्मा ,डॉक्टर सुष्मिता मुंगी,डॉक्टर अनुपम ठाकुर व डॉक्टर नितिन जैन ।उन्होंने आगे बताया के बाकी के पदों के लिए सभी प्रत्यासी निर्विरोध चुन लिए गए है 2022-23 के लिए डॉक्टर राहुल सप्रा ,सचिव के लिए डॉक्टर प्रशांत लहारिया,कोसआद्यक्ष के लिए डॉक्टर ज्योति उपाध्याय,सह सचिव के लिए डॉक्टर राहुल अग्रवाल व डॉक्टर रविन्द्र बंसल,ऑडिटर ढ्ढक्रू डॉक्टर अखिलेश त्रिवेदी,असिस्टेंट डायरेक्टर ष्टत्नक्क डॉक्टर वीरा लोहिया चुनी गयी है । चुनाव मे कुल 48 सदस्यों के फार्म आये थे जिसमे 4 के फार्म सही न पाए जाने के कारण निरस्त कर दिए गए है ।चुनाव मे अगर कोई सदस्य को आपत्ति हो तो वो अपील कमेटी पर जा कर निराकरण करा सकता है जिसमे डॉक्टर ए एस भल्ला व डॉक्टर सी पी बंसल को रखा गया है। चुनाव समिति ने चुनाव प्रक्रिया के लिए व्यापक व्यवस्था कर रखी है जिससे कोई भी सदस्य को उनके मताधिकार का प्रयोगकरने मे कोई परेशानी का सामना न करना पड़े ।चुनाव बूथ के 50 मीटर के दायरे मैं कोई भी बाहरी सदस्य को आने की अनुमति नही होगी व कोई भी प्रचार इस दायरे मैं नही किया जा सकता है ।चुनाव अधिकारियों ने सभी सदस्य को निर्भिग्न हो कर चुनाव मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है ।वोटो की गिनती 6 बजे से होगी व चुनाव परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है ।ग्वालियर ढ्ढक्रू मैं अभी करीब 1000 सदस्य है ।

### सिरोल पहाड़ी पर विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे रोपे

**ग्वालियर।** अंकुर अभियान के तहत जिले में पौधरोपण का काम जारी है। इस कड़ी में बुधवार को स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से सिरोल पहाड़ी पर वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों के 101 रोपे गए। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण एवं जलवायु की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पौधे रोपने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी करें, जिससे लगाए गए पौधे पेड़ बनकर हमें प्राणवायु दे सकें। सिरोल पहाड़ी पर वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम ग्वालियर के फेंफड़े संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया।

## राजस्व निरीक्षक कार्यालय के बाहर गंदगी के लगे ढेर

**गोहद।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत गोलंबर तिराहे पर स्थित राजस्व निरीक्षक एवं मौजा पटवारी कार्यालय गोहद के बाहर गंदगी के बड़ी-बड़ी डेरी लगी होने से यहां आने वाले किसानों को गंदगी युक्त बदबू से परेशान होना पड़ता है यहां से निकलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ज्ञात रहे कि इस कार्यालय के बगल से ही क्षेत्र के विधायक मेवाराम जाटव का आवास भी है एवं पूर्व विधायक रणवीर जाटव का भी आवास यहीं पर है रास्ते में गंदगी के ढेर लगे होने से यहां आने वाले नागरिकों को बड़ी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है यहां बैठने वालों को बदबू युक्त गंदगी से त्रस्त होना पड़ता है ।

*कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करा चुके हैं कि गंदगी बहुत है इसकी साफ-सफाई व्यवस्था की जाए*

***विनोद सिंह तोमर, राजस्व निरीक्षक गोहद***

*संबंधित नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित कर दिया है कि राजस्व निरीक्षक कार्यालय के बाहर एवं नगर में जिन जिन स्थानों पर गंदगी का आलम है वहां साफ सफाई की कराई जाए*

***शुभम शर्मा, एसडीएम गोहद***

*सूचना मिलते ही सफाई कर्मचारी दस्ते को अवगत करा दिया है देर शाम तक साफ सफाई की व्यवस्था हो जाएगी*

***सतीश दुबे , सीएमओ गोहद***


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478